हम उक्त श्लोकों को पूरा पूरा देकर प्रकरणानुकूल वास्तविक अर्थ दिखाते हैं। उक्त प्रकरण में भगवान् श्रीकृष्ण के दिव्य संकल्पज से मानसी (अयोनिजा) सृष्टि का वर्णन है। जितने देव पुरुष श्रीकृष्ण के शरीर से उत्पन्न हुए हैं उन उन पुरुषों की स्त्रियां उन २ पुरुषों के वाम अंग से उत्पन्न हुई हैं। जैसे—

आविर्बभूव तत्पश्चात् कृष्णस्य परमात्मनः।
मानसाच्च पुमानेकस्तप्तकांचनसन्निभः ॥६॥
तन्नाम 'मन्मथं' तेन प्रवदन्ति मनीषिणः।
तस्य पुंसो वामपार्श्वात् कामस्य कामिनी वरा।
बभूवातीव ललिता सर्वेषां मोहकारिणी ॥७।८॥

(ब्रह्म वै० ब्रह्म ख० ब्रह्म कल्प अ० ४)

अर्थात्—उसके पश्चात् परमात्मा श्रीकृष्ण के मन से तपे हुए सुवर्ण की कान्ति वाला एक पुरुष उत्पन्न हुआ। उसको बुद्धिमान् लोग मन्मथ (कामदेव) कहते हैं। उस पुरुष कामदेव के वाम पार्श्व से (वाम अङ्ग से अति सुन्दर सब को मोहने वाली उसकी श्रेष्ठ स्त्री उत्पन्न हुई। उसी प्रकार—

आविर्बभूव कन्यैका कृष्णस्य वामपार्श्वतः।
धावित्वा पुष्पमानीय ददावर्घ्यं प्रभोः पदे ॥
तेन राधा समाख्याता पुराविद्भिर्द्विजोत्तम।
प्राणाधिष्ठात्री सा देवी कृष्णस्य परमात्मनः ॥

(२५ । २६ । २७)

अर्थात्—परमात्मा कृष्ण के वाएं अङ्ग से एक कन्यारूपा स्त्री उत्पन्न हुई। उसने भगवान् कृष्ण के चरणों को धोकर फूल लाकर अर्घ्य दिया, विद्वानों ने उसका नाम (आराधनात्) राधा कहा है। वह कृष्ण की प्राणाधिष्ठात्री देवी थी। आगत कहा है—

योगेनात्मा सृष्टिविधौ द्विधारूपो बभूव सः।
पुमांश्च दक्षिणार्द्धाङ्गो वामाङ्गः प्रकृतिः स्मृतः ॥

(ब्रह्म वै० प्रकृ० खं० अ० १२ श्लो० ६)

अर्थात्—परमात्मा श्रीकृष्ण सृष्टि रचना के समय दो रूप वाले हो गये। दाहिना आधा अङ्ग पुरुष और बांया अंग प्रकृति रूपा स्त्री हुई। ब्रह्मवैवर्त पुराण का यह वर्णन वेद एवं उपनिषदों के द्वारा प्रतिपादित है। जैसे—

स वै नैव रेमे तस्मादेकाकी न रमते स द्वितीयमैच्छत् स हैतावानास यथा स्त्रीपुमांसौ संपरिष्वक्तौ

स इममेवात्मानं द्वेधापातयत् ततः पतिश्च पत्नी चाभवताम् । (बृहदारण्यक १ । ४ । ३)

अर्थात्—उस ब्रह्म ने रमण (सृष्टि उत्पादन रूप खेल) नहीं किया था इस कारण कि वह अकेला रमण नहीं करता। उसने दूसरे की इच्छा की। जिस प्रकार परस्पर आलिङ्गित स्त्री पुरुष होते हैं, वैसा उसका स्वरूप हो गया। उसने अपने को ही दो भागों में विभक्त कर डाला। वे पति और पत्नी हुवे। भगवान् श्रीकृष्ण के वामाङ्ग से श्रीराधा की उत्पत्ति का भाव है कि वे एक से दो अर्थात् पति-पत्नी रूप में हो गये।

आगे प्रकरण को देखिये—

वृषभानोश्च वैश्यस्य सा च कन्या बभूव ह ।
अयोनिसम्भवा देवी वायुगर्भा कलावती ॥
सुषुवे मायया वायुं स तत्राविर्बभूव ह ।
अतीते द्वादशाब्दे तु दृष्ट्वा तां नवयौवनाम् ॥
सार्धं रायणवैश्येन तत्सम्बन्धं चकार सः ।
छायां संस्थाप्य तद्गेहे सान्तर्धानमवाप ह ॥
बभूव तस्य वैश्यस्य विवाहश्छायया सह ।
कृष्णमाता यशोदा या रायणस्तत्सहोदरः ॥
गोलोके गोपकृष्णांशः सम्बन्धात्कृष्णमातुलः ॥
कृष्णेन सह राधायाः पुण्ये वृन्दावने वने ।
विवाहं कारयामास विधिना जगतां विधिः ॥
(ब्रह्म वै० ख० २ अ० ४९ श्लो० ३९ से ४२)

अर्थात्—ब्रजभूमि में अवतार लेने पर वह राधा वृषभानु वैश्य

की कन्या हुई ॥३९॥ वृषभानु की पत्नी कलावती वायुगर्भा (जिसके गर्भ में केवल वायु मात्र थी) थी उसने वायु प्रसव किया। प्रसव होते ही श्री राधा देवी अयोनिजा (गर्भ से उत्पन्न न होने वाली) प्रकट हो गईं। ॥३७॥ बारह वर्ष व्यतीत होने पर उनके पिता ने उन्हें नवयुवती होने वाली देख कर रायण वैश्य के साथ उनका सम्बन्ध—सगाई कर दी ॥३८॥ किन्तु राधा जी अपने प्रभाव से अपने ही अनुरूप एक 'छाया' नाम की कन्या को उत्पन्न कर और उसे घर में स्थापित कर स्वयं अन्तर्धान हो गईं, रायण वैश्य का विवाह उसी 'छाया' नाम की कन्या के साथ हुआ ॥३०॥ श्रीकृष्ण की व्यावहारिक माता जो यशोदा थीं, रायण उनका भाई था। वह गोलोक में गोप कृष्ण का अंश (अर्थात्—उन कृष्ण के अंश से गोलोक के सृष्टि प्रकरण में जिस प्रकार अन्य अनेक व्यक्तियों की उत्पत्ति हुई थी उसी प्रकार उत्पन्न होने वाला) अंश था। व्रज में उनकी पालन रूप माता यशोदा का भाई होने के नाते श्रीकृष्ण जी का वह मामा हुआ। पवित्र वृन्दावन में श्री ब्रह्मा जी ने कृष्ण जी के साथ श्री राधा जी का विधिपूर्वक दिव्य विवाह कराया ॥४०॥

ऊपर के ब्रह्म० वै० पुराण प्रकरण से स्पष्ट है कि रायण वैश्य के साथ दिव्य 'छाया' का विवाह हुआ था और श्रीकृष्ण जी के साथ श्री राधा जी का दिव्य विवाह हुआ। अतः आक्षेपकर्त्ताओं का श्रीराधा जी को श्रीकृष्ण जी की पुत्री, पुत्र वधू व मामी कहना सरासर झूठ है।

What was the relationship between Shri Radha ji and Shree krishna ?

राधा का कृष्णा से क्या नाता है ?
भगवान् श्रीकृष्ण साक्षात् ब्रह्म हैं तो श्री राधिका जी उनकी अभिन्न छाया माया हैं- यह तो हुआ उनका पारमाथिक लोकोत्तर सम्बन्ध ! परन्तु व्यावहारिक सम्बन्धों में- राधा का श्रीकृष्ण से क्या नाता है ? इस विषय पर भी प्रकाश डालना परमावश्यक है, क्योंकि शास्त्र के गहरे स्वाध्याय और समन्वय के बिना इस समस्या का हल होना भी असम्भव नहीं तो अतीव कठिन अवश्य है। हम क्या कोई भी, यदि आर्ष ..न्थों में मिलने वाले राधाकृष्ण सम्बन्धी प्रसंगों का सर्वाङ्गीण समन्वय करेगा तो

वह इसी परिणाम पर पहुंचेगा कि राधा का श्रीकृष्ण से व्यावहारिक न तो कोई भी नाता हैः क्योंकि लोक में

- दादी, नानी, फूफी, मां, ताई चाची बहिन, पत्नी, साली, मामी, भाणजी श्रादि जो रवत से सम्बन्ध रखने वाले नाते रिश्ते हैं, न तो इनमें से कोई नाता श्री राधाजी के साथ कृष्ण का था और नांही–स्वकीया परकीया, गणिका, दासी आदि जो साहित्य-वर्णित स्नेहजन्य सम्बन्ध हैं, उनमें से कोई नाता भगवान् से रात्रा का प्रकट होता है। हम पाठकों के सौकर्य के लिये कतिपय संभावित सम्बन्ध के विषय में कुछ कारणावलिपूर्वक विचार करते हैं जिसने हमारी पूर्व प्रर्दाशत स्थापना का तत्त्व जल्दी समझ में आ सके –
(१) श्रीकृष्णचन्द्र जी विशुद्ध क्षत्रिय कुलोत्पन्न थे और श्री राधा जी वृषभानु गोप की कन्या थीं, इसप्रकार धर्मशास्त्र की दृष्टि से उनका कोई भी वर्ण = जातिजन्य परस्पर सम्बन्ध नहीं था ।
(२) कदाचित् भगवान् कृष्ण के बाल्यकालीन पालक पिता श्रीनन्द जी को गोप जातीय होने के कारण भगवान् को भी गोप मान लिया जाय और एतावत राधा के साथ कृष्ण के वैवाहिक सम्बन्ध की कल्पना की जाए तो यह कोरी कल्पना ही रह जाती है, क्योंकि 'गर्ग-संहिता' आदि राधा-चरित्र के मुख्य ग्रन्थों में कही भी राधा कृष्ण के लौकिक विवाह का उल्लेख नहीं। केवल वर-वरण अर्थात् 'सगाई' मात्र का उल्लेख है, और वह भी नन्द के कुछ प्रतिद्वन्द्वी असहिष्णु गोपों द्वारा वृषभानु को बहकाकर उनके वैभव की परीक्षा के लिये ही हुआ है, जैसा कि, 'गर्गसंहिता' (गिरि० अध्याय ५-६) में लिखा है। यथा–
- यदि नन्दसुतः साक्षात् परिपूर्णतमो हरिः ।
- सर्वेषां पश्यतां नस्तत्परीक्षां कारय प्रभो ।। (एर्ग० ६८)
- अर्थ- [गोपों ने राधा के पिता वृषाभानु जी से कहा कि –

यदि नन्द का बेटा साक्षात् परमात्मा है तो हम सब के सामने उसकी महिमा की परीक्षा कीजिये ।
(३) जहां राधा कृष्ण का सर्वजनविदित लौकिक विवाह नहीं हुआ है वहाँ भगवान् की 'स्तनन्धय' दुधमुंही अवस्था में विश्वकर्ता ब्रह्माजी ने भाँडीरक वन में असीम आकाश के निर्मल एवं प्राकृतिक वितान-मण्डप के नीचे, मेघों की गम्भीर गर्जना और बिजली की कोलाहलपूर्ण कड़-कड़ाहट के गाजे बाजों के तुमुल निनाद में, उनके कोकोत्तर विवाह का अभिनय अवश्य किया है, जिसका पता न राधा के माता-पिता कलावती और वृषभानु को हुआ और माहीं कृष्ण के माता-पिता यशोदा और नन्दबाबा को चला, न किसी को भाईचारे की भाजी मिली और नाहीं किसी गोप ग्वाले को बाराती की हैसियत से करण का भर मिठाई मिली। राधा कृष्ण और ब्रह्मा इस त्रयी को छोड़कर संसार के किसी भी अन्य प्राणी को इसका कानों कान पता तक भी नहीं चला। शायद इसी अभूतपूर्व विवाह के कारण 'पूड़ा न पापड़ी- पटाक बहू श्रापड़ी' की लोकोक्ति प्रसिद्ध हुई हो। आइये हम आपको राधाकृष्ण के सदैव जुड़े रहने वाले बेजोड़ एवं बेमिसाल विवाह का गर्ग जी के शब्दों में फोटो दिखाए :-

What is the relationship between Radha and Krishna? Since Bhagwan Shri Krishna is the Supreme Brahman, Shri Radhika is His inseparable divine energy—this describes their transcendental, spiritual relationship. However, in terms of their practical worldly relationship, what connection does Radha have with Krishna? This question is crucial, as resolving it requires deep study and synthesis of scriptural texts. Without thorough research, arriving at an accurate conclusion is nearly impossible or at least extremely difficult. Anyone who conducts a comprehensive study of the scriptures discussing Radha and Krishna will ultimately conclude that Radha and Krishna do not share any ordinary worldly relationship.

In society, familial and marital relationships like grandmother, aunt, mother, sister, wife, sister-in-law, maternal aunt, niece, and others define interpersonal bonds. However, none of these relationships exist between Shri Radha and Krishna. Similarly, the relationships

described in literature—such as wife, beloved, courtesan, or servant—do not apply to Radha and Krishna in a worldly sense. For the convenience of the readers, let us examine some possibilities along with logical reasoning, so that the essence of our earlier statement becomes clear:

1. Shri Krishna was born into a pure Kshatriya lineage, whereas Shri Radha was the daughter of Vrishabhanu, a Gopa (cowherd). Thus, from the perspective of Dharma Shastra (scriptural law), there was no caste-based or lineage-related connection between them.
2. Some may argue that since Shri Krishna was raised by His foster father Nanda, who was also of the Gopa community, Krishna should be considered a Gopa. Based on this, one might imagine a marital connection between Krishna and Radha. However, such speculation remains mere imagination because major texts on Radha's life, such as 'Garga Samhita,' do not mention any worldly marriage between Radha and Krishna. The only reference found is regarding a ceremonial engagement, and even that was orchestrated by a few rival Gopas who misguided Vrishabhanu in order to test his wealth. This is mentioned in 'Garga Samhita' (Chapter 5-6):

यदि नन्दसुतः साक्षात् परिपूर्णतमो हरिः । सर्वेषां पश्यतां नस्तत्परीक्षां कारय प्रभो ।। (गर्ग संहिता ६८)

Meaning: The Gopas said to Radha's father, Vrishabhanu—"If Nanda's son is truly the Supreme Lord, then let Him prove His greatness in front of all of us."

3. While Radha and Krishna did not have a universally recognized worldly marriage, during Krishna's infancy, Lord Brahma performed a mystical wedding ceremony between Radha and Krishna in the sacred Bhaṇḍīraka forest. This divine event took place under the boundless sky, in a natural canopy formed by the heavens themselves, with the roaring thunder and crackling lightning serving as celestial musical instruments. However, Radha's parents, Kalavati and Vrishabhanu, were unaware of this ceremony. Likewise, Krishna's parents, Yashoda and Nanda Baba, had no knowledge of it. No relatives were invited, no Gopas attended as wedding guests, and no sweets were distributed. Except for Krishna, Radha, and Brahma, no living being in the world even heard of this divine event. Perhaps it was due to this unique wedding that the popular folk saying arose: "**पूड़ा न पापड़ी – पटाक बहू श्रापड़ी**" (loosely meaning "A grand affair witnessed by none").

राधा का कृष्ण से क्या नाता है ?

भगवान् श्रीकृष्ण साक्षात् ब्रह्म हैं तो श्री राधिका जी उनकी अभिन्न ह्लादा शक्ति है—यह तो हुआ उनका पारमार्थिक लोकोत्तर सम्बन्ध ! परन्तु व्यावहारिक सम्बन्धों में—राधा का श्रीकृष्ण से क्या नाता है ? इस विषय पर भी प्रकाश डालना परमावश्यक है, क्योंकि शास्त्र के गहरे स्वाध्याय और समन्वय के बिना इस समस्या का हल होना यदि असम्भव नहीं तो अतीव कठिन अवश्य है। हम क्या कोई भी, यदि आर्ष ग्रन्थों में मिलने वाले राधाकृष्ण सम्बन्धी प्रसंगों का सर्वाङ्गीण समन्वय करेगा तो वह इसी परिणाम पर पहुंचेगा कि राधा का श्रीकृष्ण से व्यावहारिक न तो कोई भी नाता है ; क्योंकि लोक में

—दादी, नानी, बुआ, मां, ताई, चाची, बहिन, पत्नी, साली, भाभी, मामाजी आदि जो रक्त से सम्बन्ध रखने वाले नाते रिश्ते हैं, न तो इनमें से कोई नाता श्री राधाजी के साथ कृष्ण का था और नाही— स्वकीया परकीया, गणिका, दासी आदि जो साहित्य-वर्णित स्नेहजन्य सम्बन्ध हैं, उनमें से कोई नाता भगवान् से राधा का प्रकट होता है। हम पाठकों के सौकर्य के लिये कतिपय संभावित सम्बन्धों के विषय में कुछ शास्त्रावलिपूर्वक विचार करते हैं जिससे हमारी पूर्व उपस्थित स्थापना का तत्त्व जल्दी समझ में आ सके—

(१) श्रीकृष्णचन्द्र जी विशुद्ध क्षत्रिय कुलोत्पन्न थे और श्री राधा जी वृषभानु गोप की कन्या थीं, इसप्रकार धर्मशास्त्र की दृष्टि से उनका कोई भी रक्त = जातिजन्य परस्पर सम्बन्ध नहीं था।

(२) कदाचित् भगवान् कृष्ण के बाल्यकालीन पालक पिता श्रीनन्द जी को गोप जातीय होने के कारण भगवान् को भी गोप मान लिया जाय और एतावता राधा के साथ कृष्ण के वैवाहिक सम्बन्ध की कल्पना की जाए तो यह कोरी कल्पना ही रह जाती है, क्योंकि 'गर्ग-संहिता' आदि राधा-चरित्र के मुख्य ग्रन्थों में कहीं भी राधा कृष्ण के लौकिक विवाह का उल्लेख नहीं। केवल वर-वरण अर्थात् 'सगाई' मात्र का उल्लेख है, और वह भी नन्द के कुछ प्रतिद्वन्द्वी असहिष्णु गोपों द्वारा वृषभानु को बहकाकर उनके वैभव की परीक्षा के लिये ही हुआ है, जैसा कि, 'गर्गसंहिता' (गिरि० अध्याय ५-६) में लिखा है। यथा—

यदि नन्दसुतः साक्षात् परिपूर्णतमो हरिः ।
सर्वेषां पश्यतां तत्परीक्षां कारय प्रभो ॥ (श्लो० ६८)

अर्थ—[गोपों ने राधा के पिता वृषभानु जी से कहा कि—]

यदि नन्द का बेटा साक्षात् परमात्मा है तो हम सब के सामने उसकी महिमा की परीक्षा कीजिये।

(३) जहां राधा कृष्ण का सर्वजनविदित लौकिक विवाह नहीं हुआ है वहां भगवान् की 'स्तनन्धय' = दुधमुंही अवस्था में विश्वकर्ता ब्रह्माजी ने भांडीरक वन में प्रदीप्त आकाश के निर्मल एवं प्राकृतिक वितान-मण्डप के नीचे, मेघों की गम्भीर गर्जना और बिजली की कोलाहलपूर्ण कड़-कड़ाहट के बाजे बाजों के तुमुल निनाद में, उनके लोकोत्तर विवाह का अभिनय सम्पन्न किया है, जिसका पता न राधा के माता-पिता कलावती और वृषभानु को हुआ और नाही कृष्ण के माता-पिता यशोदा और नन्दबाबा को चला, न किसी को भाईचारे की शादी मिली और नाही किसी गोप ग्वाले को बाराती की हैसियत से कण का भर मिठाई मिली। राधा = कृष्ण और ब्रह्मा इन तीनों को छोड़कर संसार के किसी भी अन्य प्राणी को इसका कानों कान पता तक भी नहीं चला। शायद इसी अभूतपूर्व विवाह के कारण 'गुड्डा न गुड्डी- फटाक ब्याह करदी' की लोकोक्ति प्रसिद्ध हुई हो। आइये हम आपको राधाकृष्ण के सर्वदा जुड़े रहने वाले बेजोड़ एवं बेमिसाल विवाह का गर्ग जी के शब्दों में फोटो दिखाएं :—

Allegations-

5. Krishna with his concubines

Vishnu Purana 5.13.55-61
The Gopīs repeatedly exclaimed, “Bravo, Kṛṣṇa!” to his song. When leading, they followed him; when returning, they encountered him; and, whether he went forwards or backwards, they ever attended on his steps. Whilst frolicking thus with the Gopīs, they considered every instant without him a myriad of years; and, prohibited in vain by husbands, fathers, brothers, they went forth at night to sport with Kṛṣṇa, the object of their affection.”

Shrimad Bhagavatam 10.33.16-17
In this way Lord Krsna, the original Lord Närãyana, master of the goddess of fortune, took pleasure in the company of the young women of Vraja by embracing them, caressing them and glancing lovingly at them as He smiled His broad, playful smiles. It was just as if a child were playing with his own reflection.- Their senses overwhelmed by the joy of having His physical association, the gopis could not prevent their hair, their dresses and the cloths covering their breasts from becoming disheveled. Their garlands and ornaments scattered, O hero of the Kuru dynasty.”

Shrimad Bhagavatam 10.29.45-46
Śrī Kṛṣṇa went with the gopīs to the bank of the Yamunā, where the sand was cooling and the wind, enlivened by the river’s waves, bore the fragrance of lotuses. There Kṛṣṇa threw His arms around the gopīs and embraced them. He aroused Cupid in the beautiful young ladies of Vraja by touching their hands, hair, thighs, belts and breasts, by playfully scratching them with His fingernails, and also by joking with them, glancing at them and laughing with them. In this way the Lord enjoyed His pastimes.”

Skanda Purana 2.3.4.17
With the tip of his nail with which he had pierced the neck of hyena, he pinched the breasts of the cowherd lasses. He has been sportingly given many forms by young women. Let this Śeṣa (?) be for (i.e. bring about) calmness and peace.”

Shrimad Bhagavatam 3.3.21
The Lord enjoyed His pastimes, both in this world and in other worlds [higher planets], specifically in the association of the Yadu dynasty. At leisure hours offered by night, He enjoyed the friendship of conjugal love with women.”

Shrimad Bhagavatam 10.30.33-34
Certainly Kṛṣṇa sat down here with His girlfriend to arrange Her hair. The lusty boy must have made a crown for that lusty girl out of the flowers He had collected. [Śukadeva Gosvāmī continued:] Lord Kṛṣṇa enjoyed with that gopī, although He enjoys only within, being self-satisfied and complete in Himself. Thus by contrast He showed the wretchedness of ordinary lusty men and hardhearted women.”

Kurma Purana 1.26.14-16 ”A certain fawn eyed damsel, fascinated by passionate love, approached Krsna and kissed his lotus like face. Catching hold of the hand of Govinda, the first cause of the wordls, a certain girl who was deluded by his Maya, took him to her own house. Assuming multifarious forms sportively, the lotus-eyed Lord Krsna fulfilled their desires.” ”

Refutation-

Here are some accurate translation of these Scriptures he quoted

Here is Vishnu Purana 5.13.55-61 geeta press Gorakhpur hindi translation . This particular Prakaran is about Rasleela

किसी निपुण गोपीने भगवान्के गानकी प्रशंसा करनेके बहाने भुजा फैलाकर श्रीमधुसूदनको आलिंगन करके चूम लिया ॥ ५४ ॥ श्रीहरिकी भुजाएँ गोपियोंके कपोलोंक चुम्बन पाकर उन (कपोलों) में पुलकावलिरूप धान्यर्क उत्पत्तिके लिये स्वेदरूप जलके मेघ बन गयीं ॥ ५५।
कृष्णचन्द्र जितने उच्चस्वरसे रासोचित गान गाते थे उससे दूने शब्दसे गोपियाँ "धन्य कृष्ण ! धन्य कृष्ण !!" की ही ध्वनि लगा रही थीं ॥ ५६ ॥ भगवान्के आगे जानेपर गोपियाँ उनके पीछे जातीं और लौटनेपन सामने चलतीं, इस प्रकार वे अनुलोम और प्रतिलोम-गतिसे श्रीहरिका साथ देती थीं ॥ ५७ ॥ श्रीमधुसूदन भगोपियोंके साथ इस प्रकार रासक्रीडा कर रहे थे कि उनके बिना एक क्षण भी गोपियोंको करोड़ों वर्षोंके समान बीतता था ॥ ५८ ॥ वे रास-रसिक गोपांगनाएँ पति, माता-पिता और भ्राता आदिके रोकनेपर भरात्रिमें श्रीश्यामसुन्दरके साथ विहार करती थीं ॥ ५९। शत्रुहन्ता अमेयात्मा श्रीमधुसूदन भी अपनी किशोरावस्थाक मान करते हुए रात्रिके समय उनके साथ रमण करते थे ॥ ६० ॥ वे सर्वव्यापी ईश्वर श्रीकृष्णचन्द्र गोपियोंमें उनके पतियोंमें तथा समस्त प्राणियोंमें आत्मस्वरूपस् वायुके समान व्याप्त थे ॥ ६१ ॥ जिस प्रकार आकाश, अग्नि पृथिवी, जल, वायु और आत्मा समस्त प्राणियोंमें व्याप्त हैं उसी प्रकार वे भी सब पदार्थोंमें व्यापक हैं॥ ६२।

A skillful Gopi, under the pretext of praising Lord Krishna's singing, spread her arms and embraced Shri Madhusudan, kissing him lovingly.

When the Lord's arms touched the cheeks of the Gopis with tender kisses, those cheeks erupted in thrill, and sweat appeared like clouds bringing the rain of joy for the harvest of goosebumps.

As Krishna sang melodies suited for the Rasa dance in a melodious voice, the Gopis responded with even louder voices, repeatedly exclaiming, "Blessed is Krishna! Blessed is Krishna!"

When the Lord moved forward, the Gopis followed him behind; when he turned back, they came in front. Thus, moving with him in direct and reverse motion, they gracefully accompanied Shri Hari. Engaged in such divine Rasa play with the Gopis, every moment of separation from him felt like millions of years for them.Those Rasa-enchanted Gopis, despite being restrained by their husbands, parents, and brothers, still went out at night to enjoy pastimes with Shyamsundar in the forest.Even Shri Madhusudan, the destroyer of enemies and unfathomable soul, joyfully engaged in loving pastimes with them during the nights, honoring his youthful form.That all-pervading Lord Krishna was present within the Gopis, their husbands, and all living beings, just as air pervades everywhere as the soul of all.Just as space, fire, earth, water, air, and the self exist within all beings, in the same way, he too is immanently present in all elements of creation.



काचित्प्रविलसद्बाहुः परिरभ्य चुचुम्ब तम्।
गोपी गीतस्तुतिव्याजनिपुणा मधुसूदनम्॥ ५४
गोपीकपोलसंश्लेषमभिगम्य हरेर्भुजौ।
पुलकोद्गमसस्याय स्वेदाम्बुघनतां गतौ॥ ५५
रासगेयं जगौ कृष्णो यावत्तारतरध्वनिः।
साधु कृष्णेति कृष्णेति तावत्ता द्विगुणं जगुः॥ ५६
गतेऽनुगमनं चक्रुर्वलने सम्मुखं ययुः।
प्रतिलोमानुलोमाभ्यां भेजुर्गोपाङ्गना हरिम्॥ ५७
स तथा सह गोपीभी रराम मधुसूदनः।
यथाब्दकोटिप्रतिमः क्षणस्तेन विनाभवत्॥ ५८
ता वार्यमाणाः पतिभिः पितृभिर्भ्रातृभिस्तथा।
कृष्णं गोपाङ्गना रात्रौ रमयन्ति रतिप्रियाः॥ ५९
सोऽपि कैशोरकवयो मानयन्मधुसूदनः।
रेमे ताभिरमेयात्मा क्षपासु क्षपिताहितः॥ ६०
तद्भर्तृषु तथा तासु सर्वभूतेषु चेश्वरः।
आत्मस्वरूपरूपोऽसौ व्याप्य वायुरिव स्थितः॥ ६१
यथा समस्तभूतेषु नभोऽग्निः पृथिवी जलम्।
वायुश्चात्मा तथैवासौ व्याप्य सर्वमवस्थितः॥ ६२

Accurate translation of Srimad Bhagavatam 10.33.16-17

परीक्षित्! गोपियोंका सौभाग्य लक्ष्मीजोसे भी बढ़कर है। लक्ष्मीजीके परम प्रियतम एकान्तवल्लभ भगवान् श्रीकृष्णको अपने परम प्रियतमके रूपमें पाकर गोपियाँ गान करती हुई उनके साथ विहार करने लगीं। भगवान् श्रीकृष्णने उनके गलोंको अपने भुजपाशमें बाँध रखा था, उस समय गोपियोंकी बड़ी अपूर्व शोभा थी ॥ १५ ॥ उनके कानोंमें कमलके कुण्डल शोभायमान थे। घुँघराली अलकें कपोलौंपर लटक रही थीं। पसीनेकी बूँदे झलकनेसे उनके मुखकी छटा निराली ही हो गयी थी। वे रासमण्डलमें भगवान् श्रीकृष्णके साथ नृत्य कर रही थीं। उनके कंगन और पायजेबोंके बाजे बज रहे थे। भौरे उनके ताल-सुरमें अपना सुर मिलाकर गा रहे थे। और उनके जूड़ों तथा चोटियोंमें गुंथे हुए फूल गिरते जा रहे थे ॥ १६ ॥ परीक्षित्! जैसे नन्हा-सा शिशु निर्विकारभावसे अपनी परछाईके साथ खेलता है, वैसे ही रमारमण भगवान् श्रीकृष्ण कभी उन्हें अपने हृदयसे लगा लेते, कभी हाथसे उनका अङ्गस्पर्श करते

"O Parīkṣit! The fortune of the Gopīs surpasses even that of Goddess Lakṣmī.
Having attained the Supreme Beloved — Lord Śrī Kṛṣṇa, the one who is the most cherished by even Lakṣmī herself — the Gopīs began to sing and joyfully sport with Him. Śrī Kṛṣṇa embraced them with His mighty arms, and in that moment, their beauty became divine and unparalleled.
(Verse 15)

Their ears were adorned with lotus-shaped earrings, and curly locks of hair gently hung down over their cheeks. Beads of sweat shimmered on their glowing faces, enhancing their charm. As they danced with Lord Kṛṣṇa in the *Rāsa-maṇḍala* (circle of divine dance), their bangles and anklets jingled rhythmically. Even the black bees harmonized with their melodies, humming in sync with the musical rhythm. The flowers woven into their braids and hair buns kept falling gracefully as they danced.
(Verse 16)

O Parīkṣit! Just as a small, innocent child plays joyfully with its own shadow, in the same pure and detached manner — Rāma's beloved, Lord Kṛṣṇa — sometimes drew the Gopīs close to His heart and at other times touched their limbs with His hands."



Accurate translation of Srimad Bhagavatam 10.29.45-46

॥ इसके बाद भगवान् श्रीकृष्णने गोपियोंके साथ यमुनाजीके पावन पुलिनपर, जो कपूरके समान चमकीली बालूसे जगमगा रहा था, पदार्पण किया। वह यमुनाजीकी तरल तरङ्गोंके स्पर्शसे शीतल और कुमुदिनीकी सहज सुगन्धसे सुवासित वायुके द्वारा सेवित हो रहा था। उस आनन्दप्रद पुलिनपर भगवान्ने गोपियोंके साथ क्रीडा की ॥ ४५ ॥ हाथ फैलाना, आलिङ्गन करना, गोपियोंके हाथ दबाना, उनकी चोटी, जाँध, नीवी और स्तन आदिका स्पर्श करना, विनोद करना, नखक्षत करना, विनोदपूर्ण चितवनसे देखना और मुसकाना – इन क्रियाओंके द्वारा गोपियोंके दिव्य कामरसको, परमोज्ज्वल प्रेमभावको उत्तेजित करते हुए भगवान् श्रीकृष्ण उन्हें क्रीडाद्वारा आनन्दित करने लगे ॥ ४६ ॥

After this, Lord Śrī Kṛṣṇa arrived with the Gopīs at the sacred bank of the Yamunā River,
which sparkled with sand as white and fragrant as camphor. That delightful riverbank was cooled by the gentle waves of Yamunā's flowing waters and perfumed with the natural fragrance of the blooming *kumudinī* (water lilies). The soothing breeze, scented and refreshing, served them like a celestial attendant. On that blissful shore, the Lord joyfully played with the Gopīs.
(Verse 45)

Stretching out His hands, embracing them, pressing their hands affectionately, touching their braids, thighs, waistbands (*nīvi*), and bosoms —
engaging in playful gestures, gently marking them with His nails, exchanging glances filled with loving mischief, and smiling sweetly —
through all these tender, sportive acts, Lord Śrī Kṛṣṇa stirred the divine rasa (essence) of love within the Gopīs, kindling their supremely radiant feelings of transcendental affection. Thus, through divine play, He brought them immense joy."
(Verse 46)



Accurate translation of Srimad Bhagvatam 3.3.21

मधुर मुसकान, स्नेहमयी चितवन, सुधामयी वाणी, निर्मल चरित्र तथा समस्त शोभा और सुन्दरताके निवास अपने श्रीविग्रहसे लोक-परलोक और विशेषतया यादवोंको आनन्दित किया तथा रात्रिमें अपनी प्रियाओंके साथ क्षणिक

अनुरागयुक्त होकर समयोचित विहार किया और इस प्रकार उन्हें भी सुख दिया ॥ २०-२१ ॥

“With His sweet smile, loving glances, nectar-like speech, pure character,
and His divine form — the very abode of all beauty and auspiciousness —
Lord Śrī Kṛṣṇa brought joy to both this world and the next, especially delighting the Yādavas.

During the night, He engaged in timely, gentle pastimes with His beloveds,
their hearts momentarily filled with tender affection.
In this way, He bestowed joy upon them as well.”
(Verses 20–21)



Accurate Translation of Srimad Bhagvatam 10.30.33-34

हो-न-हो यहाँ उस कामोने अपनी प्रियतमाको अवश्य कंधेपर चढ़ाया होगा ॥ ३२ ॥ देखो-देखो, यहाँ परमप्रेमी व्रजवल्लभने फूल चुननेके लिये अपनी प्रेयसीको नीचे उतार दिया है और यहाँ परम प्रियतम श्रीकृष्णने अपनी प्रेयसीके लिये फूल चुने हैं। उच्चक-उचककर फूल तोड़नेके कारण यहाँ उनके पंजे तो धरतीमें गड़े हुए हैं और एड़ीका पता ही नहीं है।॥ ३३ ॥ परम प्रेमी श्रीकृष्णने कामी पुरुषके समान यहाँ अपनी प्रेयसीके केश सँवारे है। देखो, अपने चुने हुए फूलोंको प्रेयसीकी चोटीमें गूंथनेके लिये वे यहाँ अवश्य ही बैठे रहे होंगे ॥ ३४ ॥

“No doubt — right here, the Lord of Love must have lifted His beloved onto His shoulders.
(Verse 32)

Look, look! Over here, the supremely loving Vrajavallabha (Beloved of Vraja) must have gently helped His beloved down to pick flowers. And here — the dearest Śrī Kṛṣṇa Himself picked flowers for her.
Due to stretching high again and again to pluck them,
His toes sank deep into the earth — there’s no trace of His heels!
(Verse 33)

Like a passionate lover, the supreme beloved Śrī Kṛṣṇa has arranged His beloved’s hair right at this spot.
See — He must have been sitting here to lovingly weave the handpicked flowers into her braid.”
(Verse 34)





Correct hindi translation of Kurma Purana 1.26.14-16

जो पिनाक धारण करनेवाले शिवको निन्दा करते हैं. उनका ध्यान, होम, किया गया तप, ज्ञान तथा यज्ञादि सभी विधान शीघ्र ही नष्ट हो जाता है ॥ १४॥
जो ईशान (शंकर) देवकी निन्दा कर नित्य अनन्य भावसे मेरा आश्रय ग्रहण करता है, वह दस हजार वर्षोतक नरकमें रहता है। इसलिये द्विजो! मन, वाणी तथा कर्मसे पशुपति तथा उनके भक्तोंकी भी निन्दाका प्रयत्नपूर्वक परित्याग करना चाहिये। द्विजोत्तमो ! दक्ष प्रजापतिके यज्ञमें दधीचने आपके वंशमें उत्पन्न जिन ब्राह्मणोंको देव ईशानसे द्वेष करनेके कारण शाप दिया था, वे सभी कलियुगमें पृथ्वीपर उत्पन्न होंगे। भक्तोंद्वारा प्रयत्नपूर्वक उनका परित्याग करना चाहिये। महर्षि गौतमद्वारा शापप्राप्त लोगोंसे भी श्रेष्ठ ब्राह्मणोंको बात नहीं करनी चाहिये ॥ १५-१८ ॥

Verse 14:
"Those who criticize or speak ill of Lord Śiva, the wielder of the Pināka bow – all their meditation, fire sacrifices (homa), austerities, knowledge, and Vedic rituals are quickly destroyed."

Verses 15-18:
"He who, abandoning Lord Śiva (Īśāna), constantly takes exclusive refuge in Me (Viṣṇu) while insulting Him, remains in hell for ten thousand years.
Therefore, O twice-born ones (Brahmins), one must carefully give up any attempt to insult Paśupati (Śiva) and His devotees through mind, speech, or action.
O best of the twice-born! In the sacrifice of Dakṣa Prajāpati, those Brahmins of your lineage who were cursed by Sage Dadhīci due to their hatred towards Lord Īśāna—all of them will take birth on earth in the age of Kali.
The devotees should make every effort to shun such people. Even the superior Brahmins should not speak with those who are cursed by the great sage Gautama."

All these Prakaran in Srimad Bhagavtam and Vishnu Purana he quoted are talking about Rasleela

Rasleela Demystified

Traditional Sri Vaishnava Acharya Pandit Madhavacharya Shastri explained in his book Purana Digdarshan page no 480 on Rasleela

Traditional Sri Vaishnava Acharya Pandit Madhavacharya Shastri explained in his book Purana Digdarshan page no 480 on Rasleela

रासलीला

१२

भगवान् कृष्ण की रासलीला से प्रायः सभी हिन्दूमात्र परिचित हैं। कुछ वैदिक हिन्दू उक्त लीला के विषय में भी अपनी कलिकल्मष-कलुषित प्रवृत्ति से विवश होकर अनावश्यक प्रलाप अलाप करते हैं, यह लीला मानों पुरुषों को बदनाम करने के ठेकेदारों का अमीष्ट कहलाता है। अपनी नाक खुद काट कर दूसरे का शकुन बिगाड़ने के शौकीन समाजी, प्रायः सभी शाखाओं में इस लीला का मनमाने

वैदिक-स्वरूप

(क) नारायणाय विद्महे वासुदेवाय धीमहि। तन्नो विष्णुः प्रचोदयात्। (तैत्तिरीयारण्यक १०।१।६)

(ख) मर्त्या ह वा अग्रे देवा आसुः। (शतपथ ११।१।२।१२)

पौराणिक-स्वरूप

(क) वसुदेवगृहे साक्षाद् भगवान्पुरुषः परः।
जनिष्यते तत्प्रियार्थं सम्भवन्तु सुरस्त्रियः ॥२२॥
भवद्भिरंशैर्यदुषूपजन्यताम् ॥२३॥
(श्रीमद्भागवत १०।१।२२-२३)

(ख) गोपजातिप्रतिच्छन्ना देवा गोपालरूपिणः ॥
(श्रीमद्भागवत १०।१८।११)

(ग) यः सप्तहायनो बालः करेणैकेन लीलया।
कथं बिभ्रद् गिरिवरं पुष्करं गजराडिव ॥
(श्रीमद्भागवत १०।२६।३)

(घ) भगवानपि ता रात्रीः शरदोत्फुल्लमल्लिकाः।
वीक्ष्य रन्तुं मनश्चक्रे योगमायामुपाश्रितः ॥१॥
जगौ कलं वामदृशां मनोहरम् ॥३॥
ता वार्यमाणाः पतिभिः पितृभिर्भ्रातृबन्धुभिः।
गोविन्दापहृतात्मानो न न्यवर्तन्त मोहिताः ॥८॥
अन्तर्गृहगताः काश्चिद् गोप्योऽलब्धविनिर्गमाः ॥९॥
जहुर्गुणमयं देहं सद्यः प्रक्षीणबन्धनाः ॥११॥

रुरुदुः सुस्वरं राजन्कृष्णदर्शनलालसाः ॥१॥
तासामाविरभूच्छौरिः स्मयमानमुखाम्बुजः।
पीताम्बरधरः स्रग्वी साक्षान्मन्मथमन्मथः ॥२॥
(श्रीमद्भागवत १०।३२।१-२)

(ङ) तत्रारभत गोविन्दो रासक्रीडामनुव्रतैः।
स्त्रीरत्नैरन्वितः प्रीतैरन्योन्याबद्धबाहुभिः ॥२॥
कृत्वा तावन्तमात्मानं यावतीर्व्रजयोषितः।
रेमे स भगवांस्ताभिरात्मारामोऽपि लीलया ॥२०॥
रेमे रमेशो व्रजसुन्दरीभि-
र्यथार्भकः स्वप्रतिबिम्बविभ्रमः ॥१७॥
नासूयन् खलु कृष्णाय मोहितास्तस्य मायया।
मन्यमानाः स्वपार्श्वस्थान्स्वान्स्वान्दारान्व्रजौकसः ॥३८॥
(श्रीमद्भागवत १०।३३।२-३८)

अर्थात्—(क) [ब्रह्मा जी ने देवताओं के प्रति कहा कि—] साक्षात् परम पुरुष भगवान् वसुदेव जी के घर में अवतार लेंगे। इस लिये हे देववृन्द ! आप और आपकी स्त्रियों को भी उनके सहयोग के लिये व्रजभूमि में अपने २ अंशों से अवतीर्ण होना चाहिये। (ख) सो सब गोपाल लोग ग्वाल वेश में छुपे हुये देवता ही थे। (ग) भगवान् कृष्ण ने सात वर्ष की छोटी सी आयु में गोवर्द्धन पर्वत को एक हाथ में उठा लिया जैसा कि कमल के फूल को मस्त हाथी उठा लिया करता है। [उसके अगले वर्ष में रासलीला हुई थी जब कि भगवान् की आयु आठ वर्ष की थी] (घ) भगवान् ने शरद् ऋतु की विकसित मल्लिका वाली रात्रियों को जानकर अपनी योगमाया के आश्रय से क्रीड़ा करने का विचार किया ॥१॥ स्त्रियों के मन को लुभाने वाली कलनिनादिनी

बंसी बजाई ॥३॥ (सुनते ही व्रजस्त्रियें—) पतियों पिताओं भ्राताओं और बन्धुओं के रोकने पर भी—कृष्ण ने जिनकी आत्मा को चुरा लिया था वे सब की सब लुभा हुई गोपियें न रुकीं ॥८॥ जिन गोपियों को घर में बन्द होने के कारण निकलने का अवसर न मिला थे (भगवान् में तीव्र अनुराग होने के कारण—) तत्काल इस गुणमय शरीर को त्याग कर मुक्त हो गईं ॥९॥११॥ शुकदेव भगवान् ने उन व्रज स्त्रियों को अपने पास आई जानकर हृदय को लुभाने वाले शब्दों में कहा कि— ॥१७॥ हे व्रज सुन्दरियो ! यह घोर रात्रि है और इस वन में अनेक भयङ्कर जीव रहते हैं इसलिये तुम सब वापिस व्रज को लौट जाओ यहां किसी भी स्त्री को नहीं ठहरना चाहिए ॥१९॥ क्योंकि निश्छल भाव से पति की सेवा करना ही स्त्रियों का परम धर्म है ॥२४॥ और मुझमें भी जैसी प्रेमभक्ति सुनने, देखने, ध्यान करने और कीर्तन करने से उत्पन्न होती है वैसी निकट रहने से नहीं होती। अतः तत्काल अपने २ घरों को लौट जाओ ॥२७॥ (भगवान् के इन वचनों को सुनकर गोपियों ने कहा कि) हे भगवन् ! आपको इस तरह के कड़े वचन कहने उचित नहीं, क्यों हम तो संसार के समस्त विषयों को छोड़कर आपके चरण कमलों में आने वाली भक्ता हैं, इसलिये आप हमें मत दुत्कारिए ! बल्कि जिस प्रकार मुमुक्षुओं को आदिपुरुष परमात्मा शरण में रखता है इसी प्रकार आप भी हमें शरण में लीजिये ॥३१॥ आप तो निश्चित ही समस्त शरीरधारियों में व्याप्त रहने वाली प्यारी आत्मा हो ॥३२॥ आपके देखने और प्यारी बांसुरी की ध्वनि सुनने से जो हमारे हृदयों में कामाग्नि धधक रही है उसको अपने अधरामृत का प्रवाह सींच कर शान्त कीजिये वरना—प्यारे कृष्ण ! हम सब इस विरहाग्नि की ज्वालाओं से जलकर तुम्हारा ध्यान करती हुई अहो आपके चरणों में विलीन हो जावेंगी (मर जावेंगी) ॥३५॥ निस्सन्देह आप देवताओं के रक्षक, आदिपुरुष परमात्मा हो और व्रजवासियों की

पीड़ा को दूर करने के लिये अवतीर्ण हुये हो ? हे आर्तबन्धो ! इसलिये अपने हस्तकमल हम किङ्करियों के स्तनों और सिरों पर रखिए ॥४१॥ योगेश्वर भगवान् को इस तरह उन गोपियों का करुणाक्रन्दन सुनकर दया आ गई और अपने आप में ही रमण करते हुये भी वे हँसकर गोपियों को रमण कराने लगे ॥४३॥ बाहु फैलाना, लिपटना, गले लगाना, हाथ, अलक, जंघा, नीवी (कमर के कपड़े की गांठ) और स्तनों को छूना, हँसी मसखरी, नखच्छेद देना, क्रीड़ा, कटाक्ष और मन्द मुस्कान आदि से कामोद्दीपन करते हुये भगवान् गोपियों को रमण कराने लगे ॥४६॥ इस प्रकार महात्मा कृष्ण जी से मान पाकर वे गोपियें अपने आपको भूमण्डल में सर्वाधिक सुन्दरी समझने लगीं ॥४७॥ भगवान् इनके इस सौभाग्य मद और मान को नष्ट करके कृपाप्रसाद दिखाने के लिये तत्काल वहीं अन्तर्धान हो गये ॥ ४८ ॥ (ङ) [तब विरहकातर गोपियें रो रो कर कहने लगीं कि—] हे भगवान् ! आप निश्चित ही किसी गोपी के पुत्र नहीं हैं बल्कि समस्त प्राणियों के अन्तरात्मा हैं। हे प्यारे कृष्ण ! आप तो ब्रह्मा जी की प्रार्थना से इस विश्व की रक्षा के लिये सात्वत कुल में अवतीर्ण हुए हो ॥ ४६ ॥ हे भगवन् ! आपके—शरणागत प्राणियों के पापों को दूर करने वाले पशुओं के चर होते हुवे भी भक्तिवश गौओं के पीछे भागने वाले और विषधर कालीय सर्प के क्रूर फणों पर नृत्य करने वाले जो चरण कमल हैं उन्हें हमारी कुचाओं पर रखकर कामदेव को विनष्ट कर डालिये ॥७॥ (च) इस तरह गोपियें गाती हुई और अनेक प्रकार के प्रलाप करती हुईं भगवान् के दर्शनों की इच्छा से ऊँची आवाज से रोने लगीं ॥१॥ तब उन सब के बीच में मन्द २ मुस्कराते हुवे साक्षात् कामदेव को भी लजाने वाले भगवान् आविर्भूत हुये। जो पीताम्बर पहिने और गले में माला धारण किये हुये थे ॥ २ ॥ (छ) तब वहां भगवान् ने अपनी परम भक्त सुन्दरतम गोपियों के हाथों में हाथ डालकर रासक्रीड़ा

(Dance) आरम्भ की ॥२॥ जितनी व्रजाङ्गनाएं थीं उतने ही अपने रूप बनाकर वह आत्माराम भगवान् लीला से उन गोपियों के साथ रमण करते लगे ॥२०॥ जैसे बालक कांच या जल आदि स्वच्छ पदार्थों में दीख पड़ने वाले अपने प्रतिबिम्ब से खेल करता है इसी तरह कामीनित भगवान् भी उन व्रज-सुन्दरियों के साथ रमण करने लगे ॥१७॥ माया से मोहित हुवे गोपों ने अपनी २ स्त्रियों को अपने निकट ही समझा, इसलिए वे भगवान् के इस चरित्र पर कुछ भी दोषारोपण नहीं कर सके।

वास्तविक भाव

हमने उक्त लीला पर बार बार मनन करने पर जो अभिप्राय समझा है, पाठकों के लाभार्थ हम उसे भी प्रकट कर देते हैं। हम यह बात पीछे प्रमाणपूर्वक सिद्ध कर चुके हैं कि व्रज के समस्त गोप और

गोपियें देवताओं के आंशिक अवतार थे, परन्तु मानव-स्थूल-शरीर की उपाधि से वे अपने देवत्व को भूले हुये थे। सो भगवान् ने जिस समय रासक्रीड़ा का अभिनय करना चाहा तो वंशी से कामबीज 'क्लीं' मन्त्र का निनाद किया जिससे स्त्रीभावापन्न दिव्य आत्माएं जग उठीं और वे भगवान् के निकट आ पहुंचीं। यह रहस्य श्रीमद्भा० (१०।२९।३) के—

'जगौ 'कलं' वामदृशां मनोहरम्'—

—पद में व्यक्त किया है। उक्त पद में—'कलं–क्लीं = कामबीज का निदर्शक है और 'वामदृशां मनोहरम्' का अभिप्राय—स्त्रीभावापन्न दिव्य आत्माओं पर ही उसका प्रभाव पड़ सकता था—यह बताने के लिए प्रयुक्त हुआ है। इसीलिये वंशी का शब्द सुनकर गोपियें ही भगवान् के निकट आईं थीं!

भगवान् ने यह जानने के लिये कि—'उक्त दिव्यात्माओं को अपने दैवत्व का कुछ स्मरण है—या स्थूल शरीर की उपाधि से वह सर्वथा विस्मृत हो गया उनको वापिस लौट जाने का उपदेश दिया। जिसके उत्तर में गोपियों ने स्पष्ट शब्दों में बतला दिया कि 'तुम तो समस्त विषयों को छोड़ कर शरणागत भक्त हैं और मोक्ष की इच्छा से यहां आई हैं आप भी आदिपुरुष और सबके अन्तरात्मा हो...(वह भाग १०। २९। ३१-३२) में 'संत्यज्य सर्वविषयान्'—'भगत—आदिपुरुष' और 'मुमुक्षून्' आदि शब्दों द्वारा अभिव्यक्त किया गया है। जब गोपियों की उक्तियों से भगवान् ने अच्छी तरह जान लिया कि ये सब आत्माएं मेरी वंशी के निनाद से प्रबुद्ध हो गई हैं और इनको अब दैवत्व का पूरा ज्ञान है तब भगवान् ने उनका विशुद्ध प्रेम और रासक्रीड़ा की अभिलाषा जानकर अपनी योगमाया के प्रभाव से उनके दो दो स्वरूप बनाए। उनमें से पहिले जो कि पांचभौतिक स्थूल शरीरावच्छिन्न स्वरूप थे उन्हें वापिस उन उन के घर में पहुंचा दिया, जिससे गोप

ग्वालों में अपनी २ माता, पत्नी आदि को घर में न देखकर किसी प्रकार की बेचैनी न हो? और दूसरे योगमायाविनिर्मित दिव्यात्मासम्पन्न स्वरूपों को घर में ही रहने दिया। इसके बाद जो भी लीला हुई है वह योग-मायाविनिर्मित भगवान् के अपने ही स्वरूपों के साथ हुई है। व्यास जी ने उक्त रहस्य का संकेत करने के लिये मूलग्रन्थ में ही निम्नलिखित शब्दों का उल्लेख किया है- यथा—

(क) मन्यमानाः स्वपार्श्वस्थान् स्वान्स्वान्दारान्व्रजौकसः।
(श्री० भा० १० । ३३ । ३८)

(ख) यथार्भकः स्वप्रतिबिम्बविभ्रमः।
(श्री० भा० १० । ३३ । १७)

(ग) कृत्वा तावन्तमात्मानं यावतीर्व्रजयोषितः।
(श्री० भा० १० । ३३ । २०)

(घ) पुरुषः शक्तिभिर्यथा। (श्री० भा० । १० । ३२ । १०)

अर्थात्—(क) व्रजनिवासियों ने अपनी कुटुम्बिनियों को अपने २ पास माना [अर्थात्—भगवान् की माया से पांचभौतिक स्थूल शरीरा-वच्छिन्न गोपियें नित्य की तरह विद्यमान रहीं।] (ख) जैसे बालक अपनी परछाईं से खेल करता है [इसी तरह भगवान् ने अपनी योगमाया से निर्माण की हुई दिव्यात्मासम्पन्न गोपियों से रासक्रीड़ा की।] (ग) भगवान् ने अपने उतने ही रूप बना लिये जितनी कि गोपियें थीं। (घ) ब्रह्म जिस तरह अपनी माया शक्तियों से विनोद किया करता है उसी तरह भगवान् ने गोपियों से रासक्रीड़ा की।

उपर्युक्त प्रमाणों से यह ज्ञात होता है कि जिस तरह ब्रह्मा जी द्वारा वत्स और गोप चुराए जाने पर भगवान् ने अपनी योगमाया से उनके और वैसे ही ग्वाले तथा बछड़े बनाकर वर्षभर काम जारी रखा था,

किसी को कानों कान भी यह रहस्य विदित न हो सका था इसी तरह रासलीला के समय भी भगवान् ने देवात्मा-सम्पन्न एवं दिव्यशरीरावच्छिन्न गोपियों को तो मुक्त कर देने के लिये अपनी रासलीला में बुला लिया और इस रहस्य को गुप्त रखने के लिये नकली गोपियों को वापिस व्रज में भेज दिया।

प्रायः देखा गया है कि जब जिस अंशावतार का कार्य समाप्त हो जाया करता है तो भगवान् किसी बहाने से उसकी उस दिव्य शक्ति को छीन लिया करते हैं, जैसे रामावतार में शिवधनुर्भङ्ग हो जाने के पश्चात् श्रीपरशुराम जी की अवतारी शक्ति भगवान् रामचन्द्र जी में समा गई थी, तथा भगवान् कृष्ण जी के लीलासंवरण के पश्चात् वीरशिरोमणि अर्जुन साधारण निहत्थे ग्वालों से पराजित हो गया था अर्थात्—नारायणावतार श्रीकृष्ण के विदा होते ही नरावतार अर्जुन भी अपनी उस अपूर्व शक्ति से हीन हो गया था। तो इसी तरह सब देवता भी श्री ब्रह्मा जी की आज्ञानुसार केवल भगवान् कृष्ण की प्रसन्नता के लिये ही अपने २ अंशों से व्रजभूमि में अवतीर्ण हुए थे। जब भगवान् गोकुल वृन्दावन का कार्य प्रायः समाप्त कर चुके और दस दिन के बाद कंस विध्वंसादि का अवसर सामने दिखने लगा तो भगवान् को उन देवांशभूत गोप और गोपियों का व्रज में रहना अनावश्यक जान पड़ा अतः भगवान् ने अपने बालसखा गोपों को तो 'ब्रह्मवत्सहरण' लीला के बहाने वापिस ब्रह्मलोक को भेज दिया था और नकली गोप घर में रख दिये थे अर्थात् सब देवता तो इस तरह अपना कार्य समाप्त हो जाने पर पुनः अपने असली पद पर प्रतिष्ठित हो चुके थे और व्रज में नकली ग्वाले रह गये थे। शेष रही थीं—गोपीभूत देवाङ्गनायें—सो उन्हें भी भगवान् ने 'रासलीला' के बहाने वंशी के इशारे से सब कुछ समझा कर अपने पास बुला लिया और उनके स्थान में नकली गोपियाँ

को घर भेज दिया। इस तरह अपनी बाल लीला की समाप्ति के साथ भगवान् ने देवांशभूत गोपियों के अवतार काल का उपसंहार कर डाला था।

परीक्षित के प्रश्न का समन्वय

उपर्युक्त रीति से जब यह निश्चित हो गया कि भगवान् ने रासलीला में किसी परस्त्री का स्पर्श नहीं किया बल्कि अपनी योगमाया द्वारा उद्भावित देवात्मा-सम्पन्न अपने ही रूपों से क्रीड़न किया है, तब स्वभावतः यह जिज्ञासा उत्पन्न होती है कि ऐसी दशा में परीक्षित के पूर्वोक्त प्रश्न का क्या समन्वय होगा? अस्तु, इसका भी विवेचन किया जाता है।

परीक्षित पूछते हैं कि—भगवान् का अवतार धर्मसंस्थापन और अधर्मनाश के लिये हुआ है परन्तु रासक्रीड़ा का धर्मसंस्थापन और अधर्मनाशरूप अवतार कार्य से कोई सम्बन्ध नहीं है अर्थात्—यह तो केवल बालक्रीड़ा = विनोद मात्र है। तो आप्तकाम = 'पूर्णकाम' परमात्मा को अपने अनेक रूप बनाकर खेल करने की क्या आवश्यकता थी?—विनोद मात्र के लिये भगवान् का 'परदाराभिमर्शन' = (—(परस्य परमात्मनो दाराः रूपिण्यो या मायाशक्तयस्तासामभिमर्शनं बलादाकर्षणमिति 'बृहद्भगवत्तोषिणी' टीकाकारः) आप्तकामता के 'प्रतीप'—प्रतिकूल है—इसका क्या अभिप्राय है? परीक्षित के प्रश्न का सार यह है कि रासलीला भगवान् का बालविनोद है परन्तु 'आप्तकाम' को विनोदार्थ मायाश्रयण की क्या आवश्यकता थी? यदि धर्मसंस्थापना और अधर्मनाशन के लिये मायाश्रयण किया जाता तो वह अवतार-धर्म के अनुरूप होता परन्तु खेल कूद के लिये अपने अनेक रूप बनाने का क्या अभिप्राय? इस प्रश्न के उत्तर में शुकदेव जी ने समझाया कि—भगवान् का विनोदमात्र के लिये योगमायाश्रयण करना, धर्मस्थापन और अधर्मनाशरूप अवतार-धर्म का व्यतिक्रम अवश्य है परन्तु ईश्वरावतारों का केवल क्रीड़ार्थ भी ऐसा करना देखा गया है, जो दोषास्पद नहीं।

पूर्णकाम परमात्मा को मायाश्रयण से सृष्टि की उत्पत्ति, पालन और संहार आदि करने की क्या आवश्यकता है और सृष्टि-उत्पादन-विनाशन रूप 'पूर्णकामता' विरुद्ध ईश्वरेच्छा का क्या अभिप्राय है ? इस जिज्ञासा का उत्तर वेद ने इस प्रकार दिया है कि—

न तस्य कार्यं करणं च विद्यते ।
स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च ।। (श्वेताश्वतर ६ । ८)

अर्थात्—सृष्टि का उत्पादन और विनाश आदि करने में ईश्वर का कोई खास प्रयोजन नहीं है किन्तु यह उसकी स्वाभाविक चेष्टा है ।

यहां (वेद में) यह उत्तर दिया गया है कि ईश्वर का स्वाभाविक कार्य 'पूर्णकामता' का बाधक नहीं हो सकता । श्रीमद्भागवत में भी परीक्षित का यही प्रश्न था कि भगवान् को आप्तकाम होते हुये भी गोपाङ्गनाश्रयण से अनेक रूप बनाकर खेल करने की क्या आवश्यकता थी ? जिसका वेदानुमोदित यही उत्तर दिया गया है कि ईश्वरावतारों का विनोदार्थ भी मायाश्रयण करना स्वाभाविक है अतएव वह पूर्णकामता का बाधक नहीं हो सकता । जिस प्रकार परमात्मा के लिये स्वेच्छा से उत्पादित सृष्टि के स्थितिलयादि बन्धन के कारण नहीं, इसी प्रकार तदवतारों के लिये स्वेच्छा से किये हुये क्रीडनादि भी बन्धन नहीं हो सकते । यह है परीक्षित के प्रश्न और शुकदेव जी के उत्तर का समन्वय ।

पौराणिक-स्वरूप

) वसुदेवगृहे साक्षाद् भगवान्पुरुषः परः । जनिष्यते तत्प्रियार्थं सम्भवन्तु सुरस्त्रियः ॥२२॥ भवद्भिरंशैर्यदुषूपजन्यताम् ॥२३॥ (श्रीमद्भागवत १०।१। २२-२३) – Brahma Ji said to the Devas –] The Supreme Being himself will take incarnation in the house of Vasudev Ji. Therefore, O Devas ! You and your wives should also take incarnation in Brajabhoomi with your two parts to support him.

(ख) गोपजातिप्रतिच्छन्ना देवा गोपालरूपिणः ।। (श्रीमद्भागवत १०।१८।११) – So all the Gopal people were Devas disguised as cowherds.

(ग) यः सप्तहायनो बालः करेणैकेन लीलया । कथं बिभ्रद् गिरिवरं पुष्करं गजराडिव ।। (श्रीमद्भागवत १० । २६ । ३) – c) At the tender age of seven, Lord Krishna lifted the Govardhan mountain in one hand just as a drunken elephant lifts a lotus flower. [The Raas Leela took place in the next year when the Lord was eight years old.

भगवानपि ता रात्रीः शरदोत्फुल्लमल्लिकाः । वीक्ष्य रन्तुम्मनश्चक्रे योगमायामुपाश्रितः ॥१॥ जगौ कलं वामदृशां मनोहरम् ॥३॥ ता वार्यमाणाः पतिभिः पितृभिर्भ्रातृबन्धुभिः । गोविन्दापहृतात्मानो न न्यवर्तन्त मोहिताः ॥८॥ अन्तर्गृ हगताः काश्चिद् गोप्योऽलब्धविनिर्गमाः ।९। जहुर्गुणमयं देहं सद्यः प्रक्षीण-बन्धनाः ॥११॥ ता दृष्ट्वान्तिकमायाता भगवान्व्रजयोषितः । अवदद् वदतां श्रेष्ठो वाचः पेशैविमोहयन् ।।१७।। रजन्येषा घोररूपा घोरसत्वनिषेविता । प्रतियात व्रजं नेह स्थेयं स्त्रीभिः सुमध्यमाः ॥१९।। भर्तुः शुश्रूषणं स्त्रीणां परो धर्मो ह्यमायया ॥२४।।

श्रवणाद्दर्शनाद्ध्यानान्मयि भावोऽनुकीर्तनात् । न तथा सन्निकर्षेण प्रतियात ततो गृहान् ॥ २७।।मैवं विभोऽर्हति भवान् गदितं नृशसं, सन्त्यज्य सर्वविषयांस्तव पादमूलम् ।।

भक्ता भजस्व दुरवग्रह मा त्यजास्मान्देवो यथादिपुरुषो भजते मुमुक्षून् ॥३१॥

प्रेष्ठो भवांस्तनुभृतां किल बन्धुरात्मा ॥३२॥सिञ्चाङ्ग ! नस्त्वदधरामृतपूरकेण, हासावलोककलगीतजहृच्छयाग्निम् ।नो चेद्वयं विरहजाग्न्युपयुक्तदेहा, ध्यानेन याम पदयोः पदवीं सखे ! ते ।। ३५।। ध्यानेन याम पदयोः पदवीं सखे ! ते ॥ ३५।। व्यक्तं भवान्व्रजजनातिहरोऽभिजातो, देवो यथादिपुरुषः सुरलोकगोप्ता ।।

तन्नो निधेहि करपङ्कजमार्तबन्धो ! तप्तस्तनेषु च शिरस्सु च किंकरीणाम् ॥४१॥ ¬ति विक्लवितं तासां श्रुत्वा योगेश्वरेश्वरः । प्रहस्य सदयं गोपीरात्मारामोऽप्यरीरमत् ॥४२।। बाहूप्रसारपरिरम्भकरालकोरु -नीविस्तनालभननर्मनखाग्रपातैः ।।

क्ष्वेल्यावलोकहसितैर्ब्रजसुन्दरीणा -मुत्तम्भयन् रतिपति रमयांचकार ।।४६।। एवं भगवतः कृष्णाल्लब्धमाना महात्मनः । आत्मानं मेनिरे स्त्रीणां मानिन्योऽभ्यधिकं भुवि ।४७। तासां तत्सौभगमदं वीक्ष्य मानं च केशवः । प्रशमाय प्रसादाय तत्रैवान्तरधीयत ।।४६।।

(श्रीमद्भागवत १० । २१ । १-४८)

(d) Knowing that the nights of the autumn season were full of blooming jasmine, the Lord thought of playing with the shelter of his Yogamaya. ॥1॥ He played the Kaninadini flute which attracts the hearts of women. ॥3॥ (On hearing this, the women of Braja) All the enchanted Gopis whose souls had been stolen by Krishna did move away even after being stopped by their husbands, fathers, brothers and relatives. The Gopis who were confined in their houses who did not get time to go out due to their love for the Lord, immediately left their virtuous bodies and became free. ॥6॥11॥ The eloquent Lord, knowing that the women of Braj had come to Him, said in heart-pleasing words, ॥17॥ O Braj beauties! It is a dark night and many dreadful creatures live in this forest, therefore all of you should return to Braj. No woman should stay here. ॥16॥ Because serving the husband with pure feelings is the ultimate duty of women. ॥24॥ And the kind of love and devotion that is generated in me by listening, watching, meditating and singing, does not happen by staying close. Therefore, return to your homes immediately.

(d) Knowing that the nights of the autumn season were full of blooming jasmine, the Lord thought of playing with the shelter of his Yogamaya. ॥1॥ He played the Kaninadini flute which attracts the hearts of women. ॥3॥ (On hearing this, the women of Braja) All the enchanted Gopis whose souls had been stolen by Krishna did move away even after being stopped by their husbands, fathers, brothers and relatives. The Gopis who were confined in their houses who did not get time to go out due to their love for the Lord, immediately left their virtuous bodies and became free. ॥6॥11॥ The eloquent Lord, knowing that the women of Braj had come to Him, said in heart-pleasing words, ॥17॥ O Braj beauties! It is a dark night and many dreadful creatures live in this forest, therefore all of you should return to Braj. No woman should stay here. ॥16॥ Because serving the husband with pure feelings is the ultimate duty of women. ॥24॥ And the kind of love and devotion that is generated in me by listening, watching, meditating and singing, does not happen by staying close. Therefore, return to your homes immediately. ॥27॥ (Hearing these words of the Lord, the Gopis said that) O Lord! You are not being served in this way. It is not appropriate to speak harsh words to us We are your devotees who have left all the worldly pleasures and have come to your feet for shelter, so do not rebuke us. Rather, just as the Supreme Soul, the Supreme Being, keeps the seekers of liberation under His protection, similarly, you also take us under your protection. ॥31॥ You are certainly the loving soul pervading all the embodied beings. ॥32॥ The fire of lust that is burning in our hearts by seeing you and hearing the sound of your loving flute, please quench it by watering it with the flow of your love. Otherwise, dear Krishna! We all, burnt by the flames of this fire of separation, will merge (die) here at your feet while meditating on you. ॥35॥ You are undoubtedly the protector of the gods, the Supreme Being, and you have incarnated to remove the pain

of the people of Braj. Oh dear ones! Therefore, please place Your lotus hands on the breasts and heads of us Kikri girls. ॥ 41॥ Hearing the pitiful cries of the Gopis, the Lord Yogeshwara felt pity and while He was engaged in His own pleasure, smilingly, He began to make the Gopis enjoy His pleasure. ॥43॥ Stretching His arms, embracing them, touching their hands, hair, thighs, Nivi (knot of the waist cloth) and breasts, laughing, joking, pinching their nails, caressing, taunting and smiling, etc., arousing them with such grace and sensuality, the Lord began to make the Gopis enjoy His pleasure. 46. Having thus gained respect from the great soul Krishna, the Gopis began to consider themselves the most beautiful women on earth. ॥47॥ To destroy their pride and arrogance of good fortune and to show His mercy, the Lord immediately disappeared from there. 48.न खलु गोषिकानन्दनो भवा-,नखिलदेहिनामन्तरात्मदृक् ।। विखनसाथितो विश्वगुप्तये, सख ! उदेयिवान्सात्वतां कुले ।। ४ ।। प्रणतदेहिनां पापकर्शनं, तृणचरानुगं श्रीनिकेतनम् ।।फणिफणार्पितं ते पदाम्बुजं, कृरणु कुचेषु नः कृन्धि हृच्छयम् ।।७।।(श्रीमद्भागवत १० । ३१।४)

Then the lovelorn Gopis started weeping and saying, O Lord! You are definitely not the son of any Gopi but the conscience of all living beings. O dear Krishna! You have incarnated n on the prayers of Lord Brahma to protect this world. 46. O Lord! You are the lotus feet which remove the sins of those who surrender to you, who despite being the husband of Lakshmi run after cows due to devotion and dance on the cruel hoods of the poisonous Kaliya serpent, place them on our shoulders and destroy Kamadev. 7.

(च) इति गोप्यः प्रगायन्त्यः प्रलपन्त्यश्च चित्रधा ।। रुरुदुः सुस्वरं राजन्कृष्ण दर्शनलालसाः ।। १ । तासामाविरभूच्छौरिः स्मयमानमुखाम्बुजः ।

पीताम्बरधरः स्रग्वी साक्षान्मन्मथमन्मथः ।।२।। (श्रीमद्भागवत १० । ३२ । १-२)

In this manner the Gopis started singing and blabbering in various ways and started crying loudly with the desire to see the Lord. Then the Lord who could put even Kaamdev to shame appeared in the midst of them smiling softly. He was wearing yellow clothes and had a garland around his neck.

(छ) तत्रारभत गोविन्दो रासक्रीड़ामनुवृतैः । स्त्रीरत्नैरन्वितः प्रीतैरन्योन्याबद्धबाहुभिः ।।२।।कृत्वा तावन्तमात्मानं यावतीव्रजयोषितः । रेमे स भगवांस्ताभिरात्मारामोऽपि लीलया ॥२०॥रेमे रमेशो ब्रजसुन्दरीभि-र्यथार्भकः, स्वप्रतिविम्बविभ्रमः ।।१७।।

नासूयन् खलु कृष्णाय मोहितास्तस्य मायया । मन्यमानाः स्वपार्श्वस्थान्स्वान्स्वान्दारान्ब्रजौकसः ।। १८ ।। (श्रीमद्भागवत १० । ३३ । २-३८)

Then there the Lord held the hands of His most devoted and pleased Gopis and performed Raas Leela. Dances tarted 2. Creating as many forms as there were Braj women, the Atmaraman Lord started enjoying with those gopis through play. Just like a child plays with his reflection seen in glass or other clean substances like water, similarly Lord Lakshmipati also started enjoying with those Braj beauties. 17. The gopas, bewildered by Maya, considered their women to be very close to them, so they could not blame the Lord's character in any way.

पौराणिक-स्वरूप

) वसुदेवगृहे साक्षाद् भगवान्पुरुषः परः । जनिष्यते तत्प्रियार्थं सम्भवन्तु सुरस्त्रियः ॥२२॥ भवद्भिरंशैर्यदुषूपजन्यताम् ॥२३॥ (श्रीमद्भागवत १०।१। २२-२३) - Brahma Ji said to the Devas -] The Supreme Being himself will take incarnation in the house of Vasudev Ji. Therefore, O Devas ! You and your wives should also take incarnation in Brajabhoomi with your two parts to support him.

(ख) गोपजातिप्रतिच्छन्ना देवा गोपालरूपिणः ।। (श्रीमद्भागवत १०।१८।११) - So all the Gopal people were Devas disguised as cowherds.

(ग) यः सप्तहायनो बालः करेणैकेन लीलया । कथं बिभ्रद् गिरिवरं पुष्करं गजराडिव ।। (श्रीमद्भागवत १० । २६ । ३) - c) At the tender age of seven, Lord Krishna lifted the Govardhan mountain in one hand just as a drunken elephant lifts a lotus flower. [The Raas Leela took place in the next year when the Lord was eight years old.

When the girls, shivering in cold water, humbly requested their clothes back, Lord Krishna teasingly asked them to approach him and reclaim them. They pleaded with him, acknowledging his greatness in Braj, and requested that he kindly return their garments while they stood trembling in the water.

Testing their innocence and sincerity, Krishna repeated his request, urging them to step forward and take their clothes. Overcome by the cold, the young girls covered themselves with their hands and stepped out of the water, displaying pure-hearted devotion. Seeing their genuine humility and unwavering faith, Lord Krishna was greatly pleased.

He then advised them that, although they had observed Katyayani vrata, their act of bathing without clothing disrespected Varuna Deva, the deity of water. Therefore, as a symbolic penance, he asked them to bow down with folded hands and seek forgiveness.

The importance of following the above-mentioned command, especially for devout women observing vows, has been clearly expressed in the earlier Vedic mantras. Before making any interpretations, it is crucial to understand the following aspects of this divine Leela:

1. Young Girls Observing Katyayani Vrata: The girls who bathed were all unmarried virgins aged between five to eight years, as per the scriptural guidelines of Katyayani Vrata. Thus, in the Puranic context, they are referred to as "Kumarika" and "Darika."
2. Their Absolute Devotion to Lord Krishna: These girls were sincerely devoted to the Lord, undertaking the vrata while consuming simple food (*Havishya*). The scriptures describe them as "Havishyam Bhunjanaah" (consuming sacred food) and "Krishnam Gayantyah" (singing Krishna's praises). Hence, it became Lord Krishna's duty to watch over them.
3. Lord Krishna's Age During the Incident: At that time, Lord Krishna was six years and three months old. According to texts describing the Govardhan lifting, he is stated to be seven years old, meaning this incident took place eleven months earlier. Given such a young age, there is no possibility of any inappropriate or negative implications.
4. The Early Morning Bathing Tradition: This ritual bath typically occurred before dawn, when visibility was extremely low. Even today, Kartika Snana (observed in Gujarat and Maharashtra, also known as Margashirsha Snana) is performed at the same time.
5. Lord Krishna Was Not Alone: As per the scriptures ("Vayasyairavritah"), Lord Krishna was surrounded by his peers, the cowherd boys of similar age. People with impure thoughts would not even attempt to convey such incidents to others, reinforcing Krishna's pure-hearted intentions.
6. The young girls would bathe nude daily, as indicated by the phrase "Teere Nishkshipya Purvavat" (placing their clothes on the shore as usual). This suggests that they might have been verbally instructed earlier to stop this practice. However, since they did not discontinue it, eventually, Lord Krishna had to take their clothes away to make them feel ashamed. A similar approach was once taken by leaders of Mahavir Dal when women continued to bathe nude in the Ganges despite repeated warnings. Thus, Lord Krishna's act of seizing their garments could be understood as an attempt to eradicate an improper custom.
7. As soon as Lord Krishna took their clothes, he quickly climbed up a Kadamba tree and hid himself behind its dense leaves, as indicated by "Neepam Aaruhya Satvarah" (swiftly ascending the tree). This suggests

that he had no intention to view them in their exposed state.

8. When Krishna asked them to come out to reclaim their garments and thus feel embarrassed, the girls remained **"Aakanthamagnaah"** (submerged up to their necks), refusing to expose themselves further.
9. Finally, to ascertain which girls had broken their vow by bathing nude, Krishna insisted once again that they step out. The fact that they eventually did so proves a significant principle: **only those capable of discerning right from wrong can be held accountable for their actions**.
10. Just as in legal cases, where a child or a mentally unstable person is not punished for accidental wrongdoing, Krishna wished to determine if any of the girls possessed the **maturity to recognize modesty** and the need for covering themselves. The only way to conduct this test was by compelling them to exit the water in their current state.
11. Had there been even a single **suvaruni or mutiyari** (mature girl), she would have resisted coming out, even if thousands insisted. This innate sense of modesty would indicate an **offense against Varuna Deva**, the god of water. However, young children often do not instinctively cover their bodies, as they have no awareness of gender distinctions. In the **Shastras**, such innocent children are referred to as **"Nagnika"** (ignorant of modesty), whereas those aware of bodily decorum are termed **"Agnika"** (conscious of propriety).
12. Krishna's intention was to distinguish whether all the girls were **Nagnikas** or if any were **Agnikas**. Upon conducting the test, he confirmed that they were all still **innocent children**. Therefore, he allowed them to atone for the act merely by bowing to **Varuna Deva**, as the god of water would not hold them guilty. However, had any of them been **Agnika** (aware of modesty) yet still bathed nude, they would have been **deliberately sinful** and required **greater penance**.

पौराणिक-स्वरूप

हेमन्ते प्रथमे मासि नन्दव्रजकुमारिकाः ।
चेरुर्हविष्यं भुञ्जानाः कात्यायन्यर्चनव्रतम् ॥१॥
नद्यां कदाचिदागत्य तीरे निक्षिप्य पूर्ववत् ।
वासांसि कृष्णं गायन्त्यो विजह्रुः सलिले मुदा ॥७॥
भगवांस्तदभिप्रेत्य कृष्णो योगेश्वरेश्वरः ।
वयस्यैरावृतस्तत्र गतस्तत्कर्मसिद्धये ॥८॥
तासां वासांस्युपादाय नीपमारुह्य सत्वरः ॥९॥
अत्रागत्याबलाः कामं स्वं स्वं वासः प्रगृह्यताम् ।
आकण्ठमग्नाः शीतोदे वेपमानास्तमब्रुवन् ॥१३॥
जानीमोऽङ्ग! व्रजश्लाघ्य! देहि वासांसि वेपिताः ॥१४॥
अत्रागत्य स्ववासांसि प्रतीच्छन्तु शुचिस्मिताः ॥१५॥
ततो जलाशयात्सर्वा दारिकाः शीतवेपिताः ।
पाणिभ्यां योनिमाच्छाद्य प्रोत्तेरुः शीतकर्शिताः ॥१७॥
भगवानाह ता वीक्ष्य शुद्धभावप्रसादितः ।
यूयं विवस्त्रा यदपो धृतव्रता,
व्यगाहतैतत्तदु देवहेलनम् ॥

बद्ध्वाञ्जलिं मूर्ध्न्यपनुत्तयेंऽहसः,
कृत्वा नमोऽधोवसनं प्रगृह्यताम् ॥
(श्रीमद्भागवत १०।२२।१-२८)

अर्थात्—हेमन्त ऋतु के प्रथम महीने = मार्गशीर्ष में नन्द ब्रज की रहने वाली कुमारिकाएं—लगभग पांच छः वर्ष की आयु वाली कन्याएं हविष्य अन्न को खाकर कात्यायनी देवी का व्रत किया करती थीं। एक दिन वे नित्य की तरह यमुना के किनारे सब वस्त्र उतारकर नदी नहाने लगीं और भगवान् कृष्ण के गीत गाने लगीं। योगेश्वर कृष्ण उनका यह अभिप्राय जानकर उस व्रत की पूर्ति के लिए गोपों-ग्वालों सहित वहां आये और उनके वस्त्र उठाकर झटपट कदम्ब पर चढ़ गए। (कन्याओं के वस्त्र मांगने पर भगवान् ने कहा कि—) हे अबलाओ! यहां आकर अपने २ वस्त्र ले लीजिए। (परन्तु वे कन्याएं तबैव) कण्ठपर्यन्त ठण्डे जल में डूबी हुई तथा कांपती हुई कहने लगीं कि हे भगवान्, हम आपको ब्रज में श्लाघनीय जानती हैं अतः इस तरह कांपती हुई हम बालाओं के वस्त्र दे दीजिए। (भगवान् ने उनकी बाल्यभाव सुलभ 'नग्निका' अवस्था की परीक्षा के लिए कहा कि—) हे पवित्र मुस्कान वाली बालाओ! यहां आकर अपने २ वस्त्र ले लीजिए। तब शीत से कांपती हुई वे कन्यायें दोनों हाथों से अपने अङ्गों को ढांपकर तत्काल जल से निकल आईं। भगवान् उनके इस विशुद्ध भाव को देख कर अतीव प्रसन्न हुवे और कहने लगे कि—हे देवियो! तुमने कात्यायनी व्रत धारण करते हुवे भी जो नग्न होकर स्नान किया है इससे वरुण देव का अपमान हुआ है, अतः पहिले इस पाप के प्रायश्चित्तार्थ तुम्हें मस्तक पर अंजलि बांधकर नमस्कार करना चाहिए।

पाठक दोनों स्वरूपों का मनन करके परिणाम निकालें कि वेद भगवान् किस प्रकार खुले शब्दों नग्न स्नान का निषेध कर रहे हैं।

खासकर अशिक्षित स्त्रियों के लिये तो उपर्युक्त आज्ञा का पालन करना कितना आवश्यक है—यह बात भी पूर्वोक्त वेदमन्त्रों में सुस्पष्ट प्रकट कर दी गई है। किसी प्रकार का आक्षेप करने से पूर्व इस लीला के नीचे लिखे भावों को समझ लेना आवश्यक है।

(१) स्नान करने वाली सब ५ से ८ वर्ष तक की आयु वाली क्वांरी कन्यायें थीं, क्योंकि कात्यायनी व्रत का विधान ऐसी कन्याओं के लिये ही शास्त्रसम्मत है। अतएव पौराणिक-लेखक ने उन्हें 'कुमारिका'—और 'बालिका' शब्द से याद किया है।

(२) वे सब भगवान् की शरणागत होकर यह व्रत कर रही थीं अतएव उनके लिये 'हरिमय युक्तकला:' 'कृष्ण-मानसा:', ऐसा लिखा है। इससे भगवान् को उनकी देख रेख करना आवश्यक था।

(३) भगवान् की आयु भी इस समय छः साल और तीन महीने की थी क्योंकि गोवर्द्धन उठाने के समय—'सप्तहायनो बाल:' (श्री० भा० १० । २६ १४) आदि शब्दों से भगवान् को सात वर्ष का लिखा है, चीरहरण लीला इससे ठीक ११ मास पूर्व घटी थी अतः उतनी छोटी अवस्था के बालक बालिकाओं में किसी प्रकार के कुभाव की सम्भावना नहीं हो सकती।

(४) यह स्नान प्रातः पौ फटते होता है ज्योंकि एक दूसरे का मुंह भी नहीं ताक सकता। अब भी प्रायः कार्तिक स्नान जो गुर्जर महाराष्ट्र में मार्गशीर्षस्नान कहा जाता है उसी समय किया जाता है।

(५) भगवान् एकले नहीं थे बल्कि—'वयस्यैरावृत:' के अनुसार अपनी बराबर आयु वाले ग्वालों के झुण्ड सहित थे। कुभावना वाले व्यक्ति तो दूसरे को कानों कान भी ऐसी बात नहीं पहुंचाना चाहा करते इससे भी भगवान् का विशुद्ध भाव स्पष्ट है।

(६) वे कन्याएं नित्य ही नग्न स्नान किया करती थीं जैसा कि—'तीरे निक्षिप्य पूर्ववद्' शब्दों से विदित होता है। इससे यह भी अनुमान किया जा सकता है कि शायद पहिले भी उन्हें एक दो बार नग्न स्नान करने से जबानी हटाया जा चुका हो, परन्तु न हटने पर अन्त में वस्त्र उठाकर शर्मिन्दा करने की नौबत आई हो; क्योंकि पिछले दिनों गङ्गा-स्नान के समय नंगी नहाने वाली औरतों को हजार बार समझाने पर भी जब यह कुप्रथा न छूटी तो महावीर दल के सेवकों ने इसी तरह शर्मिन्दा करने की ठान ली थी, अत: भगवान् का यह वस्त्रों पर छापा मारना एक कुप्रथा को जड़ से मिटा देना ही हो सकता है।

(७) भगवान् वस्त्र उठाते ही झटपट कदम्ब वृक्ष की सघन पत्तियों में मुंह छिपाकर बैठ गये जैसा कि 'नीपमारुह्य सत्वर:' आदि शब्दों द्वारा प्रकट किया गया है। क्या इससे नग्न-स्नाताओं को न देखने की अभिलाषा व्यञ्जित नहीं होती ?

(८) भगवान् ने जब लज्जित करने के लिये बाहर आने की बात कही तो वे कन्याएं 'आकण्ठमग्नाः' ही बनी रहीं।

(९) अन्त में—नग्न स्नान से जिन कन्याओं का व्रत भङ्ग हुआ है यह जांचने के लिये जब दूसरी बार फिर बाहर आने का आग्रह किया गया तो वे सब आ गईं। इसका तात्पर्य है—शास्त्रों में और लोक में भी उसी व्यक्ति को अपराधी ठहराया जाता है जो कि अमुक कार्य को बुरा भला समझने लायक मस्तिष्क रखता हो—यह एक नियम है। अबोध बालक या सदसद्-विवेक-हीन पागल द्वारा अकस्मात् पिस्तौल का घोड़ा दब जाने पर किसी व्यक्ति की मृत्यु हो सकती है, परन्तु ऐसी हालत में अज्ञानी होने के कारण उन्हें प्राणदण्ड नहीं दिया जा सकता यह कानून है। ठीक इसी तरह भगवान् भी जानना चाहते थे कि ये कन्याएं अभी अबोध हैं किंवा इनमें से किसी को वस्त्र छीनने की



(४८४) पुराण दिग्दर्शन,

आवश्यकता का भी जीवन-सुलभ परिज्ञान है। इस परीक्षा का साधन उन्हें एकमात्र नग्न दशा में जल से बाहर आ जाने को विवश करना ही हो सकता था। कदाचित् उनमें यदि एक भी सुहागन का अधिकार होती तो वह सारे संसार के भी हजार बार चिल्लाने पर नग्न दशा में बाहर आने को तैयार न होती और इस पहले के बोध के कारण वह वरुणदेव के अपमान की भी भागिनी सिद्ध होती। परन्तु हमारे घरों में अबोध बालिकायें एक समय तक पर्दा रखने की परवाह नहीं करती क्योंकि अभी तक उन्हें स्त्री पुरुष की विशेषता का भान ही नहीं होता, अतः शास्त्र में उन्हें 'नग्निका' नाम से याद किया है और पहले का बोध हो जाने वाली कन्याओं को 'अनग्निका' कहा गया है। श्री भगवान् भी यह बात जानना चाहते थे कि ये सब की सब नग्निकायें हैं किंवा इन में कोई अनग्निका भी है। तो परीक्षा करने पर निश्चित हुआ कि सभी नग्निका हैं, अतः भगवान् ने वरुणदेव को नमस्कार मात्र कर देने से नग्न स्नान का प्रायश्चित्त करवा दिया : क्योंकि जो सभी अबोध हैं वरुणदेव भी उन्हें सापराध नहीं मान सकते। कदाचित् कोई अनग्निका होकर भी नग्न स्नान करती तो वह जानबूझ कर पाप करने वाली होने के कारण अधिक प्रायश्चित्त की भागिनी होती।

Allegations-

Krishna had done a similar act to his aunt Radha in front of all the Gopis,

Brahma Vaivarta Purana, Krishna Janma Khanda 28.117-132 … Hari snatched away the cloth of Radha and thus denuded her. Then he tore her wreath and loosened her chignon…Hari embraced the naked Radha, sank into the water and after having played therein got up again along with her. Then Krishna after having displayed the abashed, naked Radha to the cowherdesses threw her again at a distance into the water….Then Radha dragged Hari and gave him a push whereupon the Lord of the universe was immersed in deep water at a distance. But shortly afterwards he emerged from the liquid with a smile, kissed and embraced the naked Radha, again and again… After the play was over, the naked Lord and Radha both came to the coast and demanded their clothes from one another….”

Refutation-

Rajendra Chandra Hazra in his book Studies in the Purāṇic Records on Hindu Rites and Customs had stated that large sections of BVP are later interpolations and that the original Brahma Vaivarata Purana is lost. The current version of BVP was likely prepared by interpolating the original BVP in 16th Century in Bengal.



Archaelogical survey of India prepared a critical edition of Brahma Vaivarat Purana based on the different manuscripts found all over India and prepared a critical edition in which they removed all those interpolated chapters and portions. I am providing the link of Critical edition Brahma Vaivarata Purana Volume 1 and 2 translated by Ram Sharma Acharya QR code provided here

https://archive.org/details/in.ernet.dli.2015.552557

https://archive.org/details/in.ernet.dli.2015.552558



He accused on Brahma Viavarta Purana Krishna Janma Khanda 28.137-143 the name of this 28th chapter is Proposal of Rasleela

The Same Chapter occurs in ASI Manuscript of Brahma Vaiavrata Purana in chapter 74 as Raskreeda Prastav Varnana

Brahma Viavarta Purana Krishna Janma Khanda chapter 28 (Chapter 74 in ASI Manuscript) ends with only 68 slokas and no 137-143rd sloka exists and no 114-117th sloka exists





Allegations-

For fun, Indra blew the garments of girls taking bath,

Matysa Purana 27.3-5 "…Accepting the request of the Devas, the Maghavan, along with them, set out on his mission and, in the way, he came across a group of women in the forest. He saw those damsels bathing and enjoying themselves, as they do in they do in the pleasure-garden of Kuvera. Then Indra, in the form of a gust of wind, blew away and mixed up their garments. At that, all the maidens, hastily coming out of water, dressed themselves with the clothes as they found them."

Refutation-

Matsya Purana 27.3-5 does not say that Indra blew the garments of bathing girls for his fun but it says Indra blew and mixed the cloths of Devayani and Sharmistha to cause a fight between them .

In the Matsya Purana, Indra's act of blowing away and mixing up the garments of the bathing maidens was a deliberate strategy, not a mere prank. After Kacha returned with the knowledge of Sanjivani, the Devas were eager to weaken their Asura enemies. When Indra and the other Devas came across the Daitya maidens bathing in the forest, Indra used a gust of wind to scatter and mix up their clothes, knowing that this would lead to confusion and quarrels. This incident caused Sarmiṣṭhā, the daughter of the Daitya king Vṛṣaparvan, to accidentally put on the clothes of Devayānī, the daughter of Śukra, the preceptor of the Asuras. The mix-up quickly escalated into a heated dispute, leading Sarmiṣṭhā to insult and push Devayānī into a well. This act sowed discord between the two most important houses of the Asuras—the king and their guru—thereby fulfilling Indra's aim of weakening the unity of the Daityas through internal conflict.

इन्द्र का शर्मिष्ठा और देवयानी में फूट डालना, देवयानी को मारकर कुएँ में डालना, शुक्र का असरों पर कोप

Indra caused a rift between Sharmishtha and Devayani, killed Devayani and threw her into a well, and Shukra became angry with the demons.


अथ सप्तविंशोऽध्यायः

Matsya Purana 27.3-5 hindi translation by Chaukhamba Publications

पूर्वक आये हुए कच से देवतागण अतिशय हर्ष के साथ उक्त विद्या को प्राप्तकर कृतार्थ हो गये और सभी एकत्र होकर इन्द्र के पास जाकर बोले-'पुरन्दर! आज आप के ऐश्वर्य एवं पराक्रम के दिखाने का अच्छा समय आ गया है, चलिए और शत्रुओं का संहार कीजिये।' देवताओं के इस प्रकार कहने पर इन्द्र ने 'अच्छा ऐसा ही होगा'- यह कहकर युद्ध का उपक्रम प्रारम्भ किया। इसी प्रसंग में इन्द्र ने एक वन में कुछ कन्याओं को देखा, जो चैत्ररथ के समान उस सुन्दर वन में जलविहार कर रही थीं। वहाँ वायु रूप धारण कर इन्द्र ने उन सभी कन्याओं का वस्त्र उड़ाकर परस्पर मिला दिया। स्नान के उपरान्त वे कन्याएँ जल से बाहर निकलीं, तब अनेक स्थलों में उड़कर एकत्र हुए उन वस्त्रों में अपना-अपना पहचान कर धारण करने लगी, उसी समय वृषपर्वा की पुत्री शर्मिष्ठा ने भूल से अपना वस्त्र समझ कर देवयानी का वस्त्र पहन लिया। राजेन्द्र ! जिससे उन दोनों में परस्पर विरोध उत्पन्न हो गया।।१-७।।

Having earlier returned with Kacha, the gods, overjoyed at ˙ aving obtained that great knowledge, felt accomplished.

All of them together went to Indra and said, “O Purandara! Today is a fine time to display your majesty and prowess — come, let us destroy the enemies.”

When the gods spoke thus, Indra replied, “Very well, so it shall be,” and began preparations for battle.

At that time, Indra happened to see some maidens in a forest, as beautiful as the celestial Chaitraratha grove, enjoying water-sports there. Assuming the form of the wind, Indra blew away the garments of all those maidens, causing them to become mixed together.

When, after bathing, the maidens came out of the water, they began to identify and put on their own clothes from among the many that had flown and become intermingled. At that moment, Sharmishtha, the daughter of Vṛṣaparvā, by mistake put on the garment of Devayānī, thinking it to be her own.

O King, from this incident arose mutual hostility between the two. (Verses 1–7)



Fight between Sharmistha and Devayani that eventually weakened the unity of the Daityas through internal conflict.

देवयानी जी कहती हैं-असुरपुत्रि! मेरी शिष्या होकर तुमने क्यों मेरा वस्त्र पहन लिया? शिष्टचार न जानने वाली ! तुम्हारा कल्याण नहीं होगा।।८।।

शर्मिष्ठा जी कहती हैं-भिक्षुकि ! आसन पर बैठे हुए, पलँग पर सोये हुए, मेरे पिता के सामने प्रतिदिन सर्वदा तुम्हारा पिता नीचे खड़ा होकर विनीतों की भाँति प्रार्थना करता है, आज्ञा प्राप्त करता है। तुम एक याचक, प्रार्थी और दान लेने वाले निर्धन ब्राह्मण की कन्या हो। मैं एक दाता की कन्या हूँ, जिसकी प्रतिदिन तुम्हारा पिता प्रार्थना करता है। तुम्हारी तरह मैं दान लेने वाले की पुत्री नहीं हूँ। तुम स्वयं निरायुध (विना किसी शक्ति की अर्थात् अशक्त) होकर सायुध (अनेक प्रकार की शक्तियों से युक्त) मुझे क्यों अपना क्रोध दिखा रही हो। किसी झगड़ालू से यदि तुम्हारी भेंट हो जायेगी तो उचित फल पा जाओगी, मैं तुम्हें कुछ नहीं गिनती ।।९-११।। शौनक जी कहते हैं-राजन् ! देवयानी के इस प्रकार विनीत प्रार्थना करने पर राजा ययाति ने उसे एक ब्राह्मणी-विशेषकर स्त्री-समझ कर दाहिना हाथ पकड़ कर शीघ्रता पूर्वक कूप से बाहर निकाला। इस प्रकार कूप से बाहर निकालने के पश्चात् राजा ने उस सुन्दरी से कुछ बातें कर अपने पुर की ओर प्रस्थान किया। नहुष पुत्र राजा ययाति के अपने पुर की ओर प्रस्थान करने के उपरान्त देवयानी की दूती वहाँ पहुँची। उसे देखकर शर्मिष्ठा द्वारा अपमानित देवयानी ने अति शोकाकुल होकर सब बातें सुनाकर उससे कहीं ।। २२-२४।। देवयानी जी कहती हैं-दूति ! तुम यहाँ से तुरन्त ही जाकर मेरे पूज्य पिताजी को यह सब वृत्तान्त सुनाओ, मैं तो अब वृषपर्वा के नगर में अपना पैर नहीं रखूंगी।। २५।। शौनक जी कहते हैं-राजन् ! दूती तुरन्त ही असुरराज वृषपर्वा के पुर को गई और वहाँ शुक्र जी से अतिशय व्याकुल एवं विचेत सी होकर काँपते हुए बोली-'महाराज ! महाभाग्य ! महाभाग्यशालिनी ापकी पुत्री देवयानी को राक्षसराज वृषपर्वा की पुत्री शर्मिष्ठा ने वन-प्रदेश में मार

डाला (?) अपनी कन्या देवयानी को शर्मिष्ठा द्वारा मारी गई सुन, भार्गव शुक्र अतिशय दुःखी हो गये और तुरन्त ही उसे ढूंढ़ते हुए वन-प्रदेश की ओर दौड़ पड़े। वहाँ तपोवन में कन्या देवयानी को इस दशा में देख शुक्र जी अतिशय दुःखी हुए और उसे अपनी भुजाओं में पकड़कर बोले-'बेटी! सभी मनुष्य अपने दोषों तथा गुणों द्वारा ही दुःख अथवा सुख की प्राप्ति करते हैं, मैं समझता हूँ कि तुमने भी कोई अनुचित कार्य किया था, उसी से निस्तार पाने के लिए तुम्हें यह फल भोगना पड़ा है।। २६-३०।। देवयानी जी कहती हैं-तात ! निस्तार हो वा न हो, वृषपर्वा की कन्या शर्मिष्ठा ने मुझे जो बातें कहीं हैं, उन्हें सावधान होकर सुनिये। मैं सच-सच कह रही हूँ, उसने मुझे ऐसी बातें कही हैं कि "मैं दैत्वों की गायिका (गा-गाकर जीविका उपार्जन करने वाली) हूँ। वृषपर्वा की पुत्री शर्मिष्ठा ने इसी प्रकार के अपमान जनकं शब्दों में क्रोध से अपने नेत्रों को लाल किये हुए, अतिशय कठोर शब्दों में आगे भी कहा है कि "तुम प्रार्थना करने वाले, याचक दान आदि लेने वाले एक ब्राह्मण की कन्या हो, मैं एक दान देने वाले राजा की पुत्री हूँ, जिसकी सब लोग स्तुति करते हैं। मेरा पिता किसी से कभी कुछ भी दान नहीं लेता।" पिताजी! मैं सच-सच कह रही हूँ। वृषपर्वा की पुत्री शर्मिष्ठा ने अत्यन्त क्रोध से दोनों नेत्रों को लाल किये हुए अतिशय गर्व में भरकर मुझको इतनी अपमान पूर्ण बातें कही हैं। यदि मैं प्रार्थना करने वाले, याचक तथा दान आदि लेने वाले एक निर्धन की पुत्री हूँ तो शर्मिष्ठा को अपनी सेवा से प्रसन्न करूँगी-ऐसा मैंने भी उससे कहा है।।३१-३५।।

Devayānī said:
"O daughter of the Asura! Being my disciple, why have you worn my garment? You, who do not know proper decorum — your welfare will not be!" (8)

Śarmiṣṭhā said:
"O beggar-girl! While seated on a seat or lying upon a couch before my father, your father always stands humbly with folded hands, prays, and seeks permission. You are the daughter of a poor Brāhmaṇa who begs, petitions, and receives charity, whereas I am the daughter of a donor, the one to whom your father prays daily. I am not the daughter of one who receives alms like you. Being without any weapons or power yourself, why do you show your anger toward me, who am armed with many strengths? If you come across a quarrelsome person, you will get your proper reward — I do not consider you worth anything." (9–11)

Śaunaka said:
"O King! When Devayānī had made this humble request, King Yayāti, considering her a Brāhmaṇa woman — and above all, a woman — quickly took her right hand and lifted her out of the well. Having brought her out of the well, the king spoke a few words with that beautiful maiden and then departed toward his city.

After King Yayāti, the son of Nahusha, departed toward his city, Devayānī's maid arrived there. Seeing her, Devayānī — deeply distressed and humiliated by Śarmiṣṭhā — recounted the entire matter to her in great sorrow and said: (22–24)

Devayānī said:
"O maid! Go from here at once and tell my revered father this entire incident. As for me, I will never again set foot in the city of Vṛṣaparvā." (25)

Śaunaka said:
"O King! The maid immediately went to the city of the Asura-king Vṛṣaparvā, and there, trembling and greatly agitated as if senseless, she spoke to Śukra: 'O lord! O most fortunate ne! Your greatly blessed daughter Devayānī has been

struck down in the forest by Śarmiṣṭhā, daughter of the demon-king Vṛṣaparvā.'

Hearing that his daughter had been struck by Śarmiṣṭhā, the Bhṛgu sage Śukra became extremely sorrowful and at once ran toward the forest to search for her. There, in the hermitage, seeing his daughter Devayānī in such a state, Śukra became very distressed. Holding her in his arms, he said:

'My child, all people attain sorrow or happiness through their own faults or virtues. I understand that you too must have done something improper, and to be freed from that, you are now experiencing this result.'" (26–30)

Devayānī said:
"Father! Whether I am freed or not, listen carefully to the words that the daughter of Vṛṣaparvā, Śarmiṣṭhā, spoke to me. I speak the truth — she spoke words such as: 'I am the singer of the Daityas (one who earns her living by singing).' The daughter of Vṛṣaparvā spoke such insulting words to me, reddening her eyes with anger and speaking with extreme harshness, saying further: 'You are the daughter of a poor Brāhmaṇa who prays, begs, and accepts gifts; I am the daughter of a donor-king, one whom all praise. My father never takes charity from anyone.'

Father, I tell you truly, the daughter of Vṛṣaparvā, her eyes reddened with rage and filled with excessive pride, spoke to me with the utmost insult. If I am truly the daughter of a poor man who prays and receives charity, then I will serve Śarmiṣṭhā to please her — so I, too, said to her." (31–35)









Allegations-

Mahabharata 1.72.1-9 “Kanwa continued, ‘And Sakra, thus addressed by her, then commanded him who could approach every place (viz., the god of the wind) to be present with Menaka at the time she would be before the Rishi. And the timid and beautiful Menaka then entered the retreat and saw there Viswamitra who had burnt, by his penances, all his sins, and was engaged still in ascetic penances. And saluting the Rishi, she then began to sport before him. And just at that time Marut robbed her of her garments that were white as the Moon. And she thereupon ran, as if in great bashfulness, to catch hold of her attire, and as if she was exceedingly annoyed with Marut. And she did all this before the very eyes of Viswamitra who was endued with energy like that of fire. And Viswamitra saw her in that attitude. And beholding her divested of her robes, he saw that she was of faultless feature. And that best of Munis saw that she was exceedingly handsome, with no marks of age on her person. And beholding her beauty and accomplishments that bull amongst Rishis was possessed with lust and made a sign that he desired her companionship. And he invited her accordingly, and she also of faultless features expressed her acceptance of the invitation. And they then passed a long time there in each other’s company. And sporting with each other, just as they pleased, for a long time as if it were only a single day, the Rishi begat on Menaka a daughter named Sakuntala.”

Refutation-

Here is Mahabharata Adi Parva Adhaya 72 Geeta Press Gorakhpur

Indra did not make Vāyu blow away Menakā's garment out of lust or for any random mischief. According to the story, Viśvāmitra's intense penance was becoming so powerful that Indra feared it would shake the balance of heaven. To break his meditation, Indra sent the apsarā Menakā with Vāyu's help so that her beauty would distract the sage. Vāyu's act of blowing away her garment was only a planned tactic to disturb Viśvāmitra's concentration. This episode is therefore about the Devas trying to protect their position by breaking a sage's tapas, not about any personal pleasure of Vayu or Indra .

(शकुन्तला दुष्यन्तसे कहती है-) महर्षि कण्वने (पूर्वोक्त ऋषिसे शेष वृत्तान्त इस प्रकार) कहा- मेनकाके ऐसा कहनेपर इन्द्रदेवने वायुको उसके साथ जानेका आदेश दिया। तब मेनका वायुदेवके साथ समयानुसार वहाँसे प्रस्थित हुई ।। १ ।।

वनमें पहुँचकर भीरु स्वभाववाली सुन्दरी मेनकाने एक आश्रममें विश्वामित्र मुनिको तप करते देखा। वे तपस्याद्वारा अपने समस्त पाप दग्ध कर चुके थे ।। २

उस समय महर्षिको प्रणाम करके वह अप्सरा उनके समीपवर्ती स्थानमें ही भाँति-भाँतिकी क्रीड़ाएँ करने लगी। इतनेमें ही वायुने मेनकाका चन्द्रमाके समान उज्ज्वल वस्त्र उसके शरीरसे हटा दिया ।। ३ ।।

यह देख सुन्दरी मेनका लजाकर वायुदेवको कोसती एवं मुसकराती हुई-सी वह वस्त्र लेनेकी इच्छासे तुरंत ही उस स्थानकी ओर दौड़ी गयी, जहाँ वह गिरा था ।। ४ ।।

अग्निके समान तेजस्वी महर्षि विश्वामित्रके देखते-देखते वहाँ यह घटना घटित हुई। वह अनिन्द्य सुन्दरी विषम परिस्थितिमें पड़ गयी थी और घबराकर वस्त्र लेनेकी इच्छा कर रही थी। उसका रूप-सौन्दर्य अवर्णनीय था। तरुणावस्था भी अद्भुत थी। उस सुन्दरी अप्सराको मुनिवर विश्वामित्रने वहाँ नंगी देख लिया ।। ५६ ।।

उसके रूप और गुणोंको देखते ही विप्रवर विश्वामित्र कामके अधीन हो गये। सम्पर्कमें आनेके कारण मेनकामें उनका अनुराग हो गया ।। ७ ।।

उन्होंने मेनकाको अपने निकट आनेका निमन्त्रण दिया। अनिन्द्य सुन्दरी मेनका तो यह चाहती ही थी, उनसे सम्बन्ध स्थापित करनेके लिये वह राजी हो गयी। तदनन्तर वे दोनों वहाँ सुदीर्घ कालतक इच्छानुसार विहार तथा रमण करते रहे। वह महान् काल उन्हें एक दिनके समान प्रतीत हुआ। काम और क्रोधपर विजय न पा सकनेवाले उन सदा क्षमाशील महर्षिने दीर्घकालसे उपार्जित की हुई तपस्याको नष्ट कर दिया। तपस्याका क्षय होनेसे मुनिके मनपर मोह छा गया। तब मेनका काम तथा रागके वशीभूत हुए मुनिके पास गयी। ब्रह्मन्! फिर मुनिने मेनकाके गर्भसे हिमालयके रमणीय शिखरपर मालिनी नदीके किनारे शकुन्तलाको जन्म दिया। मेनकाका काम पूरा हो चुका था; वह उस नवजात गर्भको मालिनीके तटपर छोड़कर तुरंत इन्द्र-लोकको चली गयी। सिंह और व्याघ्रोंसे भरे हुए निर्जन वनमें उस शिशुको सोते देख शकुन्तों (पक्षियों) ने उसे सब ओरसे पाँखोंद्वारा ढक लिया; जिससे कच्चे मांस खानेवाले गीध आदि जीव वनमें इस कन्याकी हिंसा न कर सकें ।। ८-१२ ।।

(Śakuntalā says to Duṣyanta:)
Sage Kaṇva narrated the remaining part of the story to me as follows:

When Menakā spoke in this way, Lord Indra commanded the Wind-god to accompany her. Then Menakā, together with Vāyu (the Wind-god), set off at the appointed time. (1)

Reaching the forest, the timid and beautiful Menakā saw the sage Viśvāmitra absorbed in penance in an āśrama. Through his austerities, he had already burned away all his sins. (2)

At that time, after saluting the great sage, that celestial nymph began to perform various playful acts close to where he was. Then, Vāyu, following Indra's order, suddenly blew away the bright, moon-like garment from Menakā's body. (3)

Seeing this, the beautiful Menakā, both bashful and smiling, scolded the Wind-god, and hurried in confusion toward the place where the garment had fallen, wishing to retrieve it at once. (4)

This incident happened before the very eyes of the great sage Viśvāmitra, blazing like fire. The matchless beauty Menakā, caught in this awkward situation, ran frantically to recover her garment. Her beauty was indescribable, and her youth extraordinary. The sage Viśvāmitra beheld that divine apsarā standing naked before him. (5-6)

The moment he saw her beauty and qualities, the noble sage Viśvāmitra fell prey to desire. Because of her proximity, affection arose in his heart toward Menakā. (7)

He invited Menakā to come near him. Menakā, the matchless beauty, had come for this very purpose and readily agreed to be with him. Thereafter, both of them stayed there for a long time, roaming and enjoying each other as they pleased. That long span of time seemed like a single day to them. Being unable to conquer passion and anger, that otherwise patient sage destroyed the merit he had gained through long penance. When his penance was lost, delusion clouded the sage's mind. Then Menakā, under the sway of passion and attachment, remained with the sage.

O Brāhman! From the union of the sage and Menakā, on the beautiful peaks of the Himalayas, on the bank of the river Mālinī, a daughter named Śakuntalā was born. Menakā's task was accomplished; she left that newborn infant on the bank of the Mālinī and immediately returned to Indra's heaven. In that lonely forest, full of lions and tigers, seeing the baby girl lying asleep, a flock of birds covered her all around with their wings so that flesh-eating vultures and wild animals would not harm the child. (8–12)

मेनका-विश्वामित्र-मिलन, कन्याकी उत्पत्ति, शकुन्त पक्षियोंके द्वारा उसकी रक्षा और कण्वका उसे अपने आश्रमपर लाकर शकुन्तला नाम रखकर पालन करना

कण्व उवाच

एवमुक्तस्तया शक्रः संदिदेश सदागतिम् ।
प्रातिष्ठत तदा काले मेनका वायुना सह ॥ १ ॥

(शकुन्तला दुष्यन्तसे कहती है—) महर्षि कण्वने (पूर्वोक्त ऋषिसे शेष वृत्तान्त इस प्रकार) कहा—मेनकाके ऐसा कहनेपर इन्द्रदेवने वायुको उसके साथ जानेका आदेश दिया। तब मेनका वायुदेवके साथ समयानुसार वहाँसे प्रस्थित हुई ॥ १ ॥

अथापश्यद् वरारोहा तपसा दग्धकिल्बिषम् ।
विश्वामित्रं तप्यमानं मेनका भीरुराश्रमे ॥ २ ॥

वनमें पहुँचकर भीरु स्वभाववाली सुन्दरी मेनकाने एक आश्रममें विश्वामित्र मुनिको तप करते देखा। वे तपस्याद्वारा अपने समस्त पाप दग्ध कर चुके थे ॥ २ ॥

अभिवाद्य ततः सा तं प्राक्रीडदृषिसंनिधौ ।
अपोवाह च वासोऽस्या मारुतः शशिसंनिभम् ॥ ३ ॥

उस समय महर्षिको प्रणाम करके वह अप्सरा उनके समीपवर्ती स्थानमें ही भाँति-भाँतिकी क्रीड़ाएँ करने लगी। इतनेमें ही वायुने मेनकाका चन्द्रमाके समान उज्ज्वल वस्त्र उसके शरीरसे हटा दिया ॥ ३ ॥

सागच्छत् त्वरिता भूमिं वासस्तदभिलिप्सती ।
स्मयमानेव सव्रीडं मारुतं वरवर्णिनी ॥ ४ ॥

यह देख सुन्दरी मेनका लजाकर वायुदेवको कोसती एवं मुसकराती हुई-सी वह वस्त्र लेनेकी इच्छासे तुरंत ही उस स्थानकी ओर दौड़ी गयी, जहाँ वह गिरा था ॥ ४ ॥

पश्यतस्तस्य तत्रर्षेरप्यग्निसमतेजसः ।
विश्वामित्रस्ततस्तां तु विषमस्थामनिन्दिताम् ॥ ५ ॥
गृद्धां वाससि सम्भ्रान्तां मेनकां मुनिसत्तमः ।
अनिर्देश्यवयोरूपामपश्यद् विवृतां तदा ॥ ६ ॥

अग्निके समान तेजस्वी महर्षि विश्वामित्रके देखते-देखते वहाँ यह घटना घटित हुई। वह अनिन्द्य सुन्दरी विषम परिस्थितिमें पड़ गयी थी और घबराकर वस्त्र लेनेकी इच्छा कर रही थी। उसका रूप-सौन्दर्य अवर्णनीय था। तरुणावस्था भी अद्भुत थी। उस सुन्दरी अप्सराको मुनिवर विश्वामित्रने वहाँ नंगी देख लिया ॥ ५-६ ॥

तस्या रूपगुणान् दृष्ट्वा स तु विप्रर्षभस्तदा ।
चकार भावं संसर्गात् तया कामवशं गतः ॥ ७ ॥

उसके रूप और गुणोंको देखते ही विप्रवर विश्वामित्र कामके अधीन हो गये। सम्पर्कमें आनेके कारण मेनकामें उनका अनुराग हो गया ॥ ७ ॥

न्यमन्त्रयत चाप्येनां सा चाप्यैच्छदनिन्दिता ।
तौ तत्र सुचिरं कालमुभौ व्यहरतां तदा ॥ ८ ॥
रममाणौ यथाकामं यथैकदिवसं तथा ।
(कामक्रोधावजितवान् मुनिर्नित्यं क्षमान्वितः ।
चिरार्जितस्य तपसः क्षयं स कृतवानृषिः ॥
तपसः संक्षयादेव मुनिर्मोहं समाविशत् ।
कामरागाभिभूतस्य मुनेः पार्श्वं जगाम सा ॥)
जनयामास स मुनिर्मेनकायां शकुन्तलाम् ॥ ९ ॥
प्रस्थे हिमवतो रम्ये मालिनीमभितो नदीम् ।
जातमुत्सृज्य तं गर्भं मेनका मालिनीमनु ॥ १० ॥
कृतकार्या ततस्तूर्णमगच्छच्छक्रसंसदम् ।
तं वने विजने गर्भं सिंहव्याघ्रसमाकुले ॥ ११ ॥
दृष्ट्वा शयानं शकुनाः समन्तात् पर्यवारयन् ।
नेमां हिंस्युर्वने बालां क्रव्यादा मांसगृद्धिनः ॥ १२ ॥

उन्होंने मेनकाको अपने निकट आनेका निमन्त्रण दिया। अनिन्द्य सुन्दरी मेनका तो यह चाहती ही थी, उनसे सम्बन्ध स्थापित करनेके लिये वह राजी हो गयी। तदनन्तर वे दोनों वहाँ सुदीर्घ कालतक इच्छानुसार विहार तथा रमण करते रहे। वह महान् काल उन्हें एक दिनके समान प्रतीत हुआ। काम और क्रोधपर विजय न पा सकनेवाले उन सदा क्षमाशील महर्षिने दीर्घकालसे उपार्जित की हुई तपस्याको नष्ट कर दिया। तपस्याका क्षय होनेसे मुनिके मनपर मोह छा गया। तब मेनका काम तथा रागके वशीभूत हुए मुनिके पास गयी। ब्रह्मन्! फिर मुनिने मेनकाके गर्भसे हिमालयके रमणीय शिखरपर मालिनी नदीके किनारे शकुन्तलाको जन्म दिया। मेनकाका काम पूरा हो चुका था; वह उस नवजात गर्भको मालिनीके तटपर छोड़कर तुरंत इन्द्र-लोकको चली गयी। सिंह और व्याघ्रोंसे भरे हुए निर्जन वनमें उस शिशुको सोते देख शकुन्तों (पक्षियों)-ने उसे सब ओरसे पाँखोंद्वारा ढक लिया; जिससे कच्चे मांस खानेवाले गीध आदि जीव वनमें इस कन्याकी हिंसा न कर सकें ॥ ८—१२ ॥

Allegations-

Dancing Girls

Below are some verses from Srimad Bhagavatam about Krishna dancing with Gopis.

Srimad Bhagavatam 10.33.2 "There on the Yamuna's banks Lord Govinda then began the pastime of the rasa dance in the company of those jewels among women, the faithful

gopis, who joyfully linked their arms together. [7-8] As the gopis sang in praise of Krishna, their feet danced, their hands gestured, and their eyebrows moved with playful smiles. With their braids and belts tied tight, their waists bending, their faces perspiring, the garments on their breasts moving this way and that, and their earrings swinging on their cheeks, Lord Krishna's young consorts shone like streaks of lightning in a mass of clouds. Eager to enjoy conjugal love, their throats colored with various pigments, the gopis sang loudly and danced. They were overjoyed by Krishna's touch, and they sang songs that filled the entire universe. [10-12] When one gopi grew tired from the rasa dance, She turned to Krishna, standing at Her side holding a baton, and grasped His shoulder with Her arm. The dancing had loosened Her bracelets and the flowers in Her hair. Upon the shoulder of one gopi Krishna placed His arm, whose natural blue-lotus fragrance was mixed with that of the sandalwood pulp anointing it. As the gopi relished that fragrance, her bodily hair stood on end in jubilation, and she kissed His arm. Next to Krishna's cheek one gopi put her own, beautified by the effulgence of her earrings, which glittered as she danced. Krishna then carefully gave her the betel nut He was chewing. [17-18] Their senses overwhelmed by the joy of having His physical association, the gopis could not prevent their hair, their dresses and the cloths covering their breasts from becoming disheveled.

Refutation-

This section belongs to the Rāsalīlā portion of the Śrīmad Bhāgavatam. I have previously provided an explanation of the Rāsalīlā based on the interpretation of Paṇḍit Madhvācārya Śāstrī, as presented in his work Purāṇa Digdarśana, which I will reattach for reference.

Rasleela Demystified

Traditional Sri Vaishnava Acharya Pandit Madhavacharya Shastri explained in his book Purana Digdarshan page no 480 on Rasleela

Traditional Sri Vaishnava Acharya Pandit Madhavacharya Shastri explained in his book Purana Digdarshan page no 480 on Rasleela

रासलीला

१२

भगवान् कृष्ण की रासलीला से प्रायः सभी हिन्दूमात्र परिचित हैं। कुछ वैदिक हिन्दू उक्त लीला के विषय में भी अपनी कलिकल्मष-कलुषित प्रवृत्ति से विवश होकर अनावश्यक अनाप शनाप बका करते हैं, यह लीला मानो पुराणों को बदनाम करने के ठेकेदारों का अमोघ ब्रह्मास्त्र है। अपनी नाक खुद काट कर दूसरे का शकुन बिगाड़ने के शौकीन समाजी, प्रायः सभी शास्त्रार्थों में इस लीला का मनमाने

वैदिक-स्वरूप

(क) नारायणाय विद्महे वासुदेवाय धीमहि। तन्नो विष्णुः प्रचोदयात्। (तैत्तिरीयारण्यक १०।१।६)

(ख) मर्त्या ह वा अग्रे देवा आसुः। (शतपथ ११।१।२।१२)

पौराणिक-स्वरूप

(क) वसुदेवगृहे साक्षाद् भगवान्पुरुषः परः।
जनिष्यते तत्प्रियार्थं सम्भवन्तु सुरस्त्रियः ॥२२॥
भवद्भिरंशैर्यदुषूपजन्यताम् ॥२३॥
(श्रीमद्भागवत १०।१।२२-२३)

(ख) गोपजातिप्रतिच्छन्ना देवा गोपालरूपिणः॥
(श्रीमद्भागवत १०।१८।११)

(ग) यः सप्तहायनो बालः करेणैकेन लीलया।
कथं बिभ्रद् गिरिवरं पुष्करं गजराडिव॥
(श्रीमद्भागवत १०।२६।३)

(घ) भगवानपि ता रात्रीः शरदोत्फुल्लमल्लिकाः।
वीक्ष्य रन्तुं मनश्चक्रे योगमायामुपाश्रितः ॥१॥
जगौ कलं वामदृशां मनोहरम् ॥३॥
ता वार्यमाणाः पतिभिः पितृभिर्भ्रातृबन्धुभिः।
गोविन्दापहृतात्मानो न न्यवर्तन्त मोहिताः ॥८॥
अन्तर्गृहगताः काश्चिद् गोप्योऽलब्धविनिर्गमाः ।६।
जहुर्गुणमयं देहं सद्यः प्रक्षीणबन्धनाः ॥११॥

रुरुदुः सुस्वरं राजन्कृष्णदर्शनलालसाः ॥१।
तासामाविरभूच्छौरिः स्मयमानमुखाम्बुजः।
पीताम्बरधरः स्रग्वी साक्षान्मन्मथमन्मथः ॥२॥
(श्रीमद्भागवत १०।३२।१-२)

(ङ) तत्रारभत गोविन्दो रासक्रीडामनुव्रतैः।
स्त्रीरत्नैरन्वितः प्रीतैरन्योन्याबद्धबाहुभिः ॥२॥
कृत्वा तावन्तमात्मानं यावतीर्गोपयोषितः।
रेमे स भगवांस्ताभिरात्मारामोऽपि लीलया ॥२०॥
रेमे रमेशो व्रजसुन्दरीभि-
र्यथार्भकः, स्वप्रतिबिम्बविभ्रमः ॥१७॥
नासूयन् खलु कृष्णाय मोहितास्तस्य मायया।
मन्यमानाः स्वपार्श्वस्थान्स्वान्स्वान्दारान्व्रजौकसः ॥१८॥
(श्रीमद्भागवत १०।३३।२-३८)

अर्थात्—(क) [ब्रह्मा जी ने देवताओं के प्रति कहा कि—] साक्षात् परम पुरुष भगवान् वसुदेव जी के घर में अवतार लेंगे। इस लिये हे देववृन्द! आप और आपकी स्त्रियों को भी उनके सहयोग के लिये ब्रजभूमि में अपने २ अंशों से अवतीर्ण होना चाहिये। (ख) वो सब गोपाल लोग ग्वाल वेश में छुपे हुये देवता ही थे। (ग) भगवान् कृष्ण ने सात वर्ष की छोटी सी आयु में गोवर्द्धन पर्वत को एक हाथ में उठा लिया जैसा कि कमल के फूल को मस्त हाथी उठा लिया करता है। [उसके अगले वर्ष में रासलीला हुई थी जब कि भगवान् की आयु आठ वर्ष की थी] (घ) भगवान् ने शरद् ऋतु की विकसित मल्लिका वाली रात्रियों को जानकर अपनी योगमाया के आश्रय से क्रीड़ा करने का विचार किया ॥१॥ स्त्रियों के मन को लुभाने वाली कलविलासिनी

बंशी बजाई ॥३॥ (सुनते ही ब्रजस्त्रियें—) पतियों पिताओं भ्राताओं और बन्धुओं के रोकने पर भी—कृष्ण ने जिनकी आत्मा को चुरा लिया था वे सब की सब मुग्ध हुई गोपियें न रुकीं ॥८॥ जिन गोपियों को घर में बन्द होने के कारण निकलने का अवसर न मिला वे (भगवान् में तीव्र अनुराग होने के कारण—) तत्काल इस गुणमय शरीर को त्याग कर मुक्त हो गईं ॥९॥११॥ तदनन्तर भगवान् ने उन ब्रज स्त्रियों को अपने पास आई जानकर हृदय को लुभाने वाले शब्दों में कहा कि—॥१७॥ हे ब्रज सुन्दरियो! यह घोर रात्रि है और इस वन में अनेक भयंकर जीव रहते हैं इसलिये तुम सब वापिस ब्रज को लौट जाओ यहां किसी भी स्त्री को नहीं ठहरना चाहिए ॥१९॥ क्योंकि निश्छल भाव से पति की सेवा करना ही स्त्रियों का परम धर्म है ॥२४॥ और मुझमें भी जैसी प्रेमभक्ति सुनने, देखने, ध्यान करने और कीर्तन करने से उत्पन्न होती है वैसी निकट रहने से नहीं होती। अतः तत्काल अपने २ घरों को लौट जाओ ॥२७॥ (भगवान् के इन वचनों को सुनकर गोपियों ने कहा कि) हे भगवन्! आपको इस तरह के कठोर वचन कहने उचित नहीं, क्योंकि हम तो संसार के समस्त विषयों को छोड़कर आपके चरण कमलों में आने वाली भक्ता हैं, इसलिये आप हमें मत ठुकराइए! बल्कि जिस प्रकार मुमुक्षुओं को आदिपुरुष परमात्मा शरण में रखता है इसी प्रकार आप भी हमें शरण में लीजिये ॥३१॥ आप तो निश्चित ही समस्त शरीरधारियों में व्याप्त रहने वाली प्यारी आत्मा हो ॥३२॥ आपके हँसने और प्यारी बांसुरी की ध्वनि सुनने से जो हमारे हृदयों में कामाग्नि धधक रही है उसको अपने अधरामृत का प्रवाह सींच कर शान्त कीजिये वरना—प्यारे कृष्ण! हम सब इस विरहाग्नि की ज्वालाओं से जलकर तुम्हारा ध्यान करती हुई अहो आपके चरणों में विलीन हो जायेंगी (मर जायेंगी) ॥३५॥ निस्सन्देह आप देवताओं के रक्षक, आदिपुरुष परमात्मा हो और ब्रजवासियों की

पीड़ा को दूर करने के लिये अवतीर्ण हुये हो ? हे आर्तबन्धो ! इसलिये अपने हस्तकमल हम किङ्करियों के स्तनों और सिरों पर रखिए ॥४१॥ योगेश्वर भगवान् को इस तरह उन गोपियों का करुणक्रन्दन सुनकर दया आ गई और अपने आप में ही रमण करते हुये भी वे हँसकर गोपियों को रमण कराने लगे ॥४३॥ बाहु फैलाना, लिपटना, गले लगाना, हाथ, अलक, जंघा, नीवी (कमर के कपड़े की गांठ) और स्तनों को छूना, हँसी मसखरी, नखच्छेद देना, क्रीड़ा, कटाक्ष और मन्द मुस्कान आदि से कामोद्दीपन करते हुये भगवान् गोपियों को रमण कराने लगे ॥४६॥ इस प्रकार महात्मा कृष्ण जी से मान पाकर वे गोपियें अपने आपको भूमण्डल में सर्वाधिक सुन्दरी समझने लगीं ॥४७॥ भगवान् इनके इस सौभाग्य मद और मान को नष्ट करके कृपाभाव दिखाने के लिये तत्काल वहीं अन्तर्धान हो गये ॥ ४८ ॥ (ड) [तब विरहकातर गोपियें रो रो कर कहने लगीं कि—] हे भगवान् ! आप निश्चित ही किसी गोपी के पुत्र नहीं हैं बल्कि समस्त प्राणियों के अन्तरात्मा हैं । हे प्यारे कृष्ण ! आप तो ब्रह्मा जी की प्रार्थना से इस विश्व की रक्षा के लिये सात्वत कुल में अवतीर्ण हुए हो ॥ ४६ ॥ हे भगवन् ! आपके—शरणागत प्राणियों के पापों को दूर करने वाले लक्ष्मी के घर होते हुये भी भक्तिवश गौओं के पीछे भागने वाले और विषधर कालीय सर्प के क्रूर फणों पर नृत्य करने वाले जो चरण कमल हैं उन्हें हमारी कुचाओं पर रखकर कामदेव को विनष्ट कर डालिये ॥७॥ (च) इस तरह गोपियें गाती हुईं और अनेक प्रकार के प्रलाप करती हुईं भगवान् के दर्शनों की इच्छा से ऊँची आवाज में रोने लगीं ॥१॥ तब उन सब के बीच में मन्द २ मुस्काते हुये साक्षात् कामदेव को भी लजाने वाले भगवान् आविर्भूत हुये । जो पीताम्बर पहिने और गले में माला धारण किये हुये थे ॥ २ ॥ (छ) तब वहाँ भगवान् ने अपनी परम भक्त सुप्रसन्न गोपियों के हाथों में हाथ डालकर रासक्रीड़ा

(Dance) आरम्भ की ॥२॥ जितनी व्रजललनायें थीं उतने ही अपने रूप बनाकर वह आत्माराम भगवान् लीला से उन गोपियों के साथ रमण करते रहे ॥२०॥ जैसे बालक कांच या जल आदि स्वच्छ पदार्थों में दीख पड़ने वाले अपने प्रतिबिम्ब से खेला करता है इसी तरह रमापति भगवान् भी उन व्रज-सुन्दरियों के साथ रमण करने लगे ॥१७॥ माया से मोहित हुये गोपों ने अपनी २ स्त्रियों को अपने निकट ही समझा, इसलिए वे भगवान् के इस चरित्र पर कुछ भी दोषारोपण नहीं कर सके ।

वास्तविक भाव

हमने उक्त लीला पर बार बार मनन करने पर जो अभिप्राय समझा है, पाठकों के जानार्थ हम उसे भी प्रकट कर देते हैं । हम यह बात पीछे प्रमाणपूर्वक सिद्ध कर चुके हैं कि व्रज के समस्त गोप और

गोपियें देवताओं के आंशिक अवतार थे, परन्तु मानव-स्थूल-शरीर की उपाधि से वे अपने देवत्व को भूले हुये थे । सो भगवान् ने जिस समय रासक्रीड़ा का अभिनय करना चाहा तो वंशी में कामबीज 'क्लीं' मन्त्र का निनाद किया जिससे स्त्रीभावापन्न दिव्य आत्माएं जग उठीं और वे भगवान् के निकट आ पहुंचीं । यह रहस्य श्रीमद्भा० (१०।२६।३) के—

'वंशी 'कलं' वामदृशां मनोहरम्'—

—पद में व्यक्त किया है। उक्त पद में—'कलं'-'क्लीं'=कामबीज का निदर्शक है और 'वामदृशां मनोहरम्' का अभिप्राय—स्त्रीभावापन्न दिव्य आत्माओं पर ही उसका प्रभाव पड़ सकता था—यह बताने के लिए प्रयुक्त हुआ है। इसीलिये वंशी का शब्द सुनकर गोपियें ही भगवान् के निकट आई थीं !

भगवान् ने यह जानने के लिये कि—'उक्त दिव्यात्माओं को अपने देवत्व का कुछ स्मरण है—या स्थूल शरीर की उपाधि से वह सर्वथा विस्मृत हो गया उनको वापिस लौट जाने का उपदेश दिया। जिसके उत्तर में गोपियों ने स्पष्ट शब्दों में बतला दिया कि 'हम तो समस्त विषयों को छोड़ कर शरणागत भक्त हैं और मोक्ष की इच्छा से यहां आई हैं' आप भी आदिपुरुष और सबके अन्तरात्मा हो...(यह भाव १०। २९। ३१-३२) में 'संत्यज्य सर्वविषयान्'—'भक्ता—आदिपुरुष' और 'मुमुक्षून्' आदि शब्दों द्वारा अभिव्यक्त किया गया है। जब गोपियों की उक्तियों से भगवान् ने अच्छी तरह जान लिया कि ये सब आत्माएं मेरी वंशी के निनाद से प्रबुद्ध हो गई हैं और इनको अब देवत्व का पूरा ज्ञान है तब भगवान् ने उनका विशुद्ध प्रेम और रासक्रीड़ा की अभिलाषा जानकर अपनी योगमाया के प्रभाव से उनके दो दो स्वरूप बनाए। उनमें से पहिले जो कि पाञ्चभौतिक स्थूल शरीरावच्छिन्न स्वरूप थे उन्हें वापिस उन उन के घर में पहुंचा दिया, जिससे गोप

ग्वालों में अपनी २ माता, पत्नी आदि को घर में न देखकर किसी प्रकार की बेचैनी न हो ? और दूसरे योगमायानिर्मित दिव्यात्मासम्पन्न स्वरूपों को घर में ही रहने दिया। इसके बाद जो भी लीला हुई है वह योग-मायानिर्मित भगवान् के अपने ही स्वरूपों के साथ हुई है। व्यास जी ने उक्त रहस्य का संकेत करने के लिये मूलग्रन्थ में ही निम्नलिखित पदों का उल्लेख किया है- यथा—

(क) मन्यमानाः स्वपार्श्वस्थान् स्वान्स्वान्दारान्व्रजौकसः।
(श्री० भा० १०। ३३। ३८)

(ख) यथार्भकः स्वप्रतिबिम्बविभ्रमः।
(श्री० भा० १०। ३३। १७)

(ग) कृत्वा तावन्तमात्मानं यावतीर्व्रजयोषितः।
(श्री० भा० १०। ३३। २०)

(घ) पुंस्यः शक्तिभिर्यथा। (श्री० भा०। १०। ३२। १०)

अर्थात्—(क) व्रजनिवासियों ने अपनी कुटुम्बिनियों को अपने २ पास माना [अर्थात्—भगवान् की माया से पाञ्चभौतिक स्थूल शरीरा-वच्छिन्न गोपियें नित्य की तरह विद्यमान रहीं।] (ख) जैसे बालक अपनी परछाईं से खेल करता है [इसी तरह भगवान् ने अपनी योगमाया से निर्माण की हुई दिव्यात्मसम्पन्न गोपियों से रासक्रीड़ा की।] (ग) भगवान् ने अपने उतने ही रूप बना लिये जितनी कि गोपियें थीं। (घ) ब्रह्म जिस तरह अपनी माया शक्तियों से विनोद किया करता है उसी तरह भगवान् ने गोपियों से रासक्रीड़ा की।

उपर्युक्त प्रमाणों से यह प्रतीत होता है कि जिस तरह ब्रह्मा जी द्वारा वत्स और गोप चुराए जाने पर भगवान् ने अपनी योगमाया से उतने और वैसे ही ग्वाले तथा बछड़े बनाकर वर्षभर काम जारी रखा था,

किसी को कानों कान भी यह रहस्य विदित न हो सका था इसी तरह रासलीला के समय भी भगवान् ने देवात्मा-सम्पन्न एवं दिव्यशरीरावच्छिन्न गोपियों को तो मुक्त कर देने के लिये अपनी रासलीला में बुला लिया और इस रहस्य को गुप्त रखने के लिये नकली गोपियों को वापिस व्रज में भेज दिया।

प्रायः देखा गया है कि जब किस अंशावतार का कार्य समाप्त हो जाया करता है तो भगवान् किसी बहाने से उसकी उस दिव्य शक्ति को छीन लिया करते हैं, जैसे रामावतार में शिवधनुर्भङ्ग हो जाने के पश्चात् श्रीपरशुराम जी की अवतारी शक्ति भगवान् रामचन्द्र जी में समा गई थी, तथा भगवान् कृष्ण जी के लीलासंवरण के पश्चात् वीरशिरोमणि अर्जुन साधारण निहत्थे ग्वालों से पराजित हो गया था अर्थात्—नारायणावतार श्रीकृष्ण के विदा होते ही नरावतार अर्जुन भी अपनी उस अपूर्व शक्ति से हीन हो गया था। तो इसी तरह सब देवता भी श्री ब्रह्मा जी की आज्ञानुसार केवल भगवान् कृष्ण की प्रसन्नता के लिये ही अपने २ अंशों से व्रजभूमि में अवतीर्ण हुए थे। जब भगवान् गोकुल वृन्दावन का कार्य प्रायः समाप्त कर चुके और दस दिन के बाद कंस विध्वंसादि का अवसर सामने दिखने लगा तो भगवान् को उन देवांशभूत गोप और गोपियों का व्रज में रहना अनावश्यक जान पड़ा अतः भगवान् ने अपने बालसखा गोपों को तो 'ब्रह्मवत्सहरण' लीला के बहाने वापिस ब्रह्मलोक को भेज दिया था और नकली गोप घर में रख दिये थे अर्थात् सब देवता तो इस तरह अपना कार्य समाप्त हो जाने पर पुनः अपने असली पद पर प्रतिष्ठित हो चुके थे और व्रज में नकली ग्वाले रह गये थे। शेष रही थीं—गोपीभूत देवाङ्गनायें—सो उन्हें भी भगवान् ने 'रासलीला' के बहाने वंशी के इशारे से सब कुछ समझा कर अपने पास बुला लिया और उनके स्थान में नकली गोपियाँ

को घर भेज दिया। इस तरह अपनी बाल लीला की समाप्ति के साथ भगवान् ने देवांशभूत गोपियों के अवतार काल का उपसंहार कर डाला था।

परीक्षित के प्रश्न का समन्वय

उपर्युक्त रीति से जब यह निश्चित हो गया कि भगवान् ने रासलीला में किसी परस्त्री का स्पर्श नहीं किया बल्कि अपनी योगमाया द्वारा उद्भावित देवात्मा-सम्पन्न अपने ही रूपों से क्रीड़न किया है, तब स्वभावतः यह जिज्ञासा उत्पन्न होती है कि ऐसी दशा में परीक्षित के पूर्वोक्त प्रश्न का क्या समन्वय होगा ? अस्तु, इसका भी विवेचन किया जाता है।

परीक्षित पूछते हैं कि—भगवान् का अवतार धर्मसंस्थापन और अधर्मनाश के लिये हुआ है परन्तु रासक्रीड़ा का धर्मसंस्थापन और अधर्मनाशरूप अवतार कार्य से कोई सम्बन्ध नहीं है अर्थात्—वह तो केवल बालक्रीड़ा = विनोद मात्र है। तो आप्तकाम = 'पूर्णकाम' परमात्मा को अपने अनेक रूप बनाकर खेल करने की क्या आवश्यकता थी ?—विनोद मात्र के लिये भगवान् का 'परदाराभिमर्शन' = (—(परस्य परमात्मनो दारारूपिण्यो या मायाशक्तयस्तासामभिमर्शनं बलादाकर्षणमिति 'बृहद्भगवत्तोषिणी' टीकाकारः) आप्तकामता के 'प्रतीप'—प्रतिकूल है—इसका क्या अभिप्राय है ? परीक्षित के प्रश्न का सार यह है कि रासलीला भगवान् का बालविनोद है परन्तु 'आप्तकाम' को विनोदार्थ मायाश्रयण की क्या आवश्यकता थी ? यदि धर्मसंस्थापना और अधर्मनाशन के लिये मायाश्रयण किया जाता तो वह अवतार-धर्म के अनुरूप होता परन्तु खेल कूद के लिये अपने अनेक रूप बनाने का क्या अभिप्राय ? इस प्रश्न के उत्तर में शुकदेव जी ने समझाया कि—भगवान् का विनोदमात्र के लिये योगमायाश्रयण करना, धर्मस्थापन और अधर्मनाशरूप अवतार-धर्म का व्यतिक्रम अवश्य है परन्तु ईश्वरावतारों का केवल क्रीड़ार्थ भी ऐसा करना देखा गया है, जो दोषास्पद नहीं।


(१०६) पुराण दिग्दर्शन

पूर्णकाम परमात्मा की मायाश्रयण से सृष्टि की उत्पत्ति, पालन और संहार आदि करने की क्या आवश्यकता है और सृष्टि-उत्पादन-विनाशन रूप 'पूर्णकामता' विरुद्ध ईश्वरेच्छा का क्या अभिप्राय है ? इस जिज्ञासा का उत्तर वेद में इस प्रकार दिया है कि—

न तस्य कार्यं करणं च विद्यते ।
स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च ।। (श्वेताश्वतर ६।८)

अर्थात्—सृष्टि का उत्पादन और विनाश आदि करने में ईश्वर का कोई खास प्रयोजन नहीं है किन्तु यह उसकी स्वाभाविक चेष्टा है ।

यहां (वेद में) यह उत्तर दिया गया है कि ईश्वर का स्वाभाविक कार्य 'पूर्णकामता' का बाधक नहीं हो सकता । श्रीमद्भागवत में भी परीक्षित का यही प्रश्न था कि भगवान् को आप्तकाम होते हुये भी योगमायाश्रयण से अनेक रूप बनाकर खेल करने की क्या आवश्यकता थी ? जिसका वेदानुमोदित यही उत्तर दिया गया है कि ईश्वरावतारों का विनोदार्थ भी मायाश्रयण करना स्वाभाविक है अतएव वह पूर्णकामता का बाधक नहीं हो सकता । जिस प्रकार परमात्मा के लिये स्वेच्छा से उत्पादित सृष्टि के स्थितिलयादि बन्धन के कारण नहीं, इसी प्रकार अवतारों के लिये स्वेच्छा से किये हुये क्रीडनादि भी बन्धन नहीं हो सकते । यह है परीक्षित के प्रश्न और शुकदेव जी के उत्तर का समन्वय ।

पौराणिक-स्वरूप

) वसुदेवगृहे साक्षाद् भगवान्पुरुषः परः । जनिष्यते तत्प्रियार्थं सम्भवन्तु सुरस्त्रियः ॥२२॥ भवद्भिरंशैर्यदुषूपजन्यताम् ॥२३॥ (श्रीमद्भागवत १०।१। २२-२३) – Brahma Ji said to the Devas –] The Supreme Being himself will take incarnation in the house of Vasudev Ji. Therefore, O Devas ! You and your wives should also take incarnation in Brajabhoomi with your two parts to support him.

(ख) गोपजातिप्रतिच्छन्ना देवा गोपालरूपिणः ।। (श्रीमद्भागवत १०।१८।११) – So all the Gopal people were Devas disguised as cowherds.

(ग) यः सप्तहायनो बालः करेणैकेन लीलया । कथं बिभ्रद् गिरिवरं पुष्करं गजराडिव ।। (श्रीमद्भागवत १० । २६ । ३) – c) At the tender age of seven, Lord Krishna lifted the Govardhan mountain in one hand just as a drunken elephant lifts a lotus flower. [The Raas Leela took place in the next year when the Lord was eight years old.

